

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-76 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 29 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए पद्म सम्मान

### क्रिकेटर आर अश्विन को पद्मश्री, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को मिला पद्म भूषण



नई दिल्ली (ए.)। सोमवार शाम को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अजीत कुमार, नंदमुरी बालकृष्ण और शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया। इस बीच गायक अरिजीत सिंह, जसपिंदर नरूला और दिग्गज अभिनेत्री ममता शंकर को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया। यहां जानिए किन हस्तियों को मिला पुरस्कार। दिग्गज सिंगर रहे पंकज उधास को मरणोपरांत कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से नवाजा गया। उनकी पत्नी फरीदा पंकज उधास ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से ये अवॉर्ड रिसीव किया। सुपरस्टार अजित कुमार ने भी पद्म भूषण अवॉर्ड हासिल किया।पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले आर अश्विन को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया है। अश्विन समेत कई अन्य खिलाड़ियों को भी पद्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसमें हॉकी खिलाड़ी आर श्रीजेश का भी नाम शामिल है। सोमवार 28 अप्रैल को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आर अश्विन को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में पीएम मोदी समेत कई बड़े सितारे भी मौजूद थे। अश्विन यह अवॉर्ड लेने वाले 40वें भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। इससे पहले जहीर खान, सचिन तेंदुलकर, गौतम गंभीर समेत कई अन्य प्लेयर्स को यह अवॉर्ड दिया जा चुका है। 2023 में गुरचरण सिंह को इस अवॉर्ड से नवाजा गया था। पीआर श्रीजेश को भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। पिछले साल हॉकी से संन्यास लेने वाले हॉकी के महान खिलाड़ी को भारतीय हॉकी इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। श्रीजेश ने पुरुष हॉकी में भारत के लगातार दो ओलंपिक पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई थी।

## उमर अब्दुल्ला बोले- ऐसी मांग करूं तो मुझ पर लानत है, 'बंदूक से आतंकवाद को नियंत्रित कर सकते हैं खत्म नहीं

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने सोमवार को एक दिवसीय विशेष सत्र में पहलगाम में पर्यटकों पर 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरा सदमा और पीड़ा व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनके पास इस घटना पर माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं। सीएम अब्दुल्ला ने कहा, हम बंदूक के जरिए आतंकवाद को नियंत्रित कर सकते हैं उसे खत्म नहीं कर सकते। उन्होंने ये भी कहा कि जम्मू-कश्मीर की सिक्योरिटी जम्मू कश्मीर की निर्वाचित सरकार की जिम्मेदारी नहीं, लेकिन मैं इस मौका का इस्तेमाल स्टेटहुड के लिए नहीं करूंगा। इस मौके पर कोई सियासत नहीं, कोई स्टेटमेंट नहीं, सिर्फ हमले की कड़ी निंदा होनी चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा, 'इस मौके पर मैं जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य के दर्जे की मांग नहीं करूंगा।



भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## रेप पीड़िता ने आरोपी से की शादी, हाईकोर्ट ने रद्द किया मुकदमा, जानें जज ने क्या कहा

जोधपुर, (आरएनएस)। राजस्थान हाई कोर्ट ने रेप के एक मामले को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि विवाह एक पवित्र और दिव्य मिलन है और इसमें मुकदमेबाजी से बाधा नहीं डाली जा सकती। यह फैसला एक ऐसे मामले में आया है जहां रेप पीड़िता ने अपने ही आरोपी से शादी कर ली। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस फैसले को भविष्य में ऐसे मामलों को रद्द करने के लिए मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।जस्टिस ने अपने फैसले में विवाह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विवाह को दो व्यक्तियों के बीच एक पवित्र बंधन माना जाता है, जो न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तर पर भी जुड़ा होता है। प्राचीन हिंदू मान्यताओं का जिक्र करते हुए जज ने कहा कि विवाह धर्म, अर्थ और काम की पूर्ति के लिए किया जाता है और यह एक बंधन से कहीं बढ़कर है।

## अश्लील कंटेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र और ओटीटी प्लेटफार्म्स को नोटिस जारी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सोशल मीडिया और ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म्स पर परोसे जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। इस संबंध में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ नेटफ्लिक्स, उल्लू डिजिटल लिमिटेड, ऑल्ट बालाजी, ट्विटर, मेटा प्लेटफॉर्म्स और गूगल सहित कई सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहुरकर और कुछ अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका में सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता पर प्रभावी रोक लगाने और इस तरह के कंटेंट के नियमन के लिए नेशनल कंटेंट कंट्रोल अथॉरिटी (NCCO) के गठन की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सभी प्लेटफॉर्म्स अश्लीलता को रोकने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश तय करें।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले की गंभीरता को स्वीकार किया। उन्होंने दलील दी कि सरकार इस याचिका को हल्के में नहीं ले रही है और बच्चों पर ऐसे कंटेंट के पड़ रहे बुरे प्रभाव को लेकर चिंतित है। मेहता ने कहा कि इन प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद कई कार्यक्रमों की भाषा न केवल अश्लील है, बल्कि विकृत भी है,।

## 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को एनआईए ने कोर्ट में किया गया पेश, हिरासत 12 दिन के लिए बढ़ी



नई दिल्ली (आरएनएस)। पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ा दी है। एनआईए की अर्जी पर सोमवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। राणा को उसकी 18 दिन की एनआईए हिरासत की समाप्ति पर कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष एनआईए न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह के समक्ष पेश किया गया।वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन और विशेष सरकारी अभियोजक नरेन्द्र मान द्वारा चैम्बर कार्यवाही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी का प्रतिनिधित्व किया। वहीं दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा तहव्वुर राणा का पक्ष रखा। 26/11 मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में तहव्वुर हुसैन राणा अहम नाम है। उसे मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली का करीबी माना जाता है। हेडली और राणा स्कूल के समय से दोस्त थे। हेडली ने बाद में स्वीकार किया था कि वह लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। इस आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई अहम मुलाकात, करीब 40 मिनट तक हुई बात



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षामंत्री के बीच यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली।पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से सेना की तैयारी, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कदम और सीमाओं की स्थिति की जानकारी ली।वहीं सोमवार को भारत और फ्रांस के बीच नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन विमानों का सौदा भी होना है। इस डील से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी गई है। हाल ही में मिली इस मंजूरी के बाद अब यह डील होने जा रही है। इसके तहत नौसेना के लिए मरीन (एम) श्रेणी के राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं।सोमवार को इससे जुड़े समझौतों पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए जाएंगे। फ्रांस के रक्षा मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत में शामिल होंगे। इस सब घटनाक्रम के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक गंभीर वार्ता हुई है।गौरतलब है कि पाकिस्तान की सेना पिछले चार दिनों से नियंत्रण रेखा के उस ओर से गोलीबारी कर रही है।

## नियंत्रण रेखा पर फिर गोलीबारी, सेना ने पाकिस्तान को दिया मुंहतोड़ जवाब

जम्मू (आरएनएस)। आतंकवाद पर हो रहे प्रहार से घबराया पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी करने से बाज नहीं आ रहा है। 27-28 अप्रैल की रात पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर से नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी की है। बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की सेना ने अब नियंत्रण रेखा के उस पार से कुपवाड़ा और पुंछ के सीमावर्ती इलाकों में फायरिंग की है। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग करते हुए पाकिस्तान को इस गोलीबारी का करारा जवाब दिया है।गौरतलब है कि आतंकवादियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई से घबराए पाकिस्तान ने शुक्रवार से नियंत्रण रेखा पर फायरिंग शुरू की है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जलदूतों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान में राजगढ़ जिले के सारंगपुर में किया श्रमदान




भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजगढ़ जिले के किसानों की समृद्धि, खेती आधारित उद्योग, मिल्क प्रोसेसिंग ईकाई खोलने और फूड इंडस्ट्री पार्क स्थापित करने में राज्य सरकार अनुदान प्रदान करेगी। प्रदेश की माताएं-बहनें भी सशक्त हो रही हैं। अब लाड़ली बहनें ड्रोन दीदी और लखपति दीदी बन रही हैं। माताएं-बहनें ही भारतीय परंपरा में परिवार का आधार हैं। राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उन्हें लोकसभा और विधानसभा में भी 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। राज्य सरकार ने धार्मिक नगरों में शराबबंदी का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। भगवान कृष्ण के लीला स्थलों को दिव्य और देवस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसके लिए उज्जैन में स्थायी सिंहस्थ नगरी बसायी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सारंगपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण को समर्पित राज्य सरकार 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का उपार्जन कर रही है। गौमाता के कल्याण के लिए सरकारी गौशालाओं का अनुदान 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति गाय किया गया है। जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पालिकाओं में गौशाला खोलने पर भी अनुदान दिया जाएगा।




## 80 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा, ऊपर पहुंचकर खड़ा हो गया नशेड़ी; घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक बार फिर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। सोमवार सुबह भारत टॉकीज चौराहे के पास एक नशे में धुत युवक अचानक करीब 80 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। करीब एक घंटे तक युवक टावर के ऊपरी हिस्से पर मौजूद रहा, जिसके चलते चौराहे पर भारी भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक नशे की हालत में लग रहा था और वह टावर के बिल्कुल ऊपरी सिरे पर जा खड़ा हुआ था। उसे देखकर आस-पास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। नीचे मौजूद लोगों ने युवक से कई बार नीचे आने की गुहार लगाई, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।टावर की ऊंचाई और युवक की खतरनाक स्थिति को देखते हुए पुलिस और बचाव दल को उसके गिरने का अंदेशा था। टीम ने लाउडस्पीकर के जरिए युवक को समझाने-बुझाने का प्रयास किया और लगातार उससे बातचीत करते रहे। कड़ी मशक्कत और समझाइश के बाद आखिरकार करीब एक घंटे बाद युवक को सुरक्षित टावर से नीचे उतारा गया।रेस्क्यू के बाद पुलिस ने बताया कि युवक 'सुलोचन' नामक नशीले पदार्थ के प्रभाव में था। उसके पास से सुलोचन बरामद भी किया गया है। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि वह किन परिस्थितियों में और किस मकसद से टावर पर चढ़ा था।



## भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन

### जेट के आने से इंडियन नेवी और ताकतवर होगी



नई दिल्ली (ए)। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सोमवार को भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हो गई है। यह डील 63,000 करोड़ रुपये में हुई है। डील के तहत भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल मरीन एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे। इस समझौते के भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया। इस दौरान नौसेना के उपप्रमुख वाइस एडमिरल के. स्वामीनाथन भी मौजूद थे।इस समझौते के तहत 22 सिंगल-सीट और 4 ट्विन-सीट विमान शामिल है। इस समझौते से पाकिस्तान को करारा झटका लगने वाला है, क्योंकि ये जेट आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। इस जेट के आने से इंडियन नेवी और ताकतवर होगी। भारत और फ्रांस के बीच 2016 में एक सौदा हुआ था, इसके तहत पहले से ही भारतीय वायुसेना के बेड़े में 36 एयरक्राफ्ट है। भारतीय वायुसेना के राफेल जेट अंबाला और हाशिनारा इन दो बेस से ऑपरेट होते है। इन 26 राफेल-एम की डील के साथ भारत की राफेल जेट की संख्या बढ़कर 62 होगी। राफेल-एम एक मल्टीरोल फाइटर जेट है। इसका एईएसए राडार टारगेट डिटेक्शन और ट्रैकिंग के लिए बेहतरीन है। इसमें स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम है जो राफेल-एम को स्टेल्थ बनाता है। इसमें बीच हवा में ही रीफ्यूलिंग हो सकती है। यानी इसकी रेंज बढ़ जाएगी। राफेल-एम फाइटर आने से भारतीय समुद्री क्षेत्र में निगरानी, जासूसी, अटैक जैसे कई मिशन आसानी से पूरे हो सकते है। यह फाइटर जेट एंटी-शिप वॉरफेयर के लिए बेस्ट है। इसमें प्रेसिशन गाइडेड बम और मिसाइलें लगा सकते हैं।

## रणवीर इलाहाबादिया को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने पासपोर्ट जारी करने की दी अनुमति

नई दिल्ली (आरएनएस)। कॉमेडियन समय रैना का शो इंडिया गॉट लेटेंट बंद हो चुका है। शो में जिस यूट्यबर रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कंट्रोवर्सी हुई? थी उस रणवीर को आज सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने रणवीर को पासपोर्ट जारी करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया को इस शर्त पर अपना पॉडकास्ट फिर से प्रसारित करने की अनुमति दी थी कि वो शालीनता और नैतिकता के मानकों को बनाए रखेंगे। विवाद के बाद रणवीर का पॉडकास्ट आ चुका है।दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में रणवीर इलाहाबादिया की गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण दिया था, लेकिन रणवीर को अपना पासपोर्ट नोडल साइबर पुलिस थाने में जमा करवाने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ये भी निर्देश दिया था कि जांच पूरी होने तक उनको पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता है। हालांकि, इस मामले में सुनवाई के लिए 28 अप्रैल यानी आज का दिन मुकर्रर किया गया था।





# विरासत के संरक्षण के साथ भोपाल @ 2047 के विकास की प्लानिंग की जाए : सीएम डॉ.यादव

*भोजपुर की ओर राजा भोज और उज्जैन की ओर जाने वाले मार्ग पर सम्राट विक्रमादित्य द्वार होंगे निर्मित*
*प्रदेश में लागू नियमों के अनुसार ही भोपाल में हाई राइज बिल्डिंग निर्माण की अनुमति दी जाए*

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विरासत के संरक्षण के साथ भोपाल के विकास का समुचित नियोजन किया जाए। भोपाल के समृद्ध अतीत को शहर की प्लानिंग का भाग बनाते हुए भोजपुर जाने वाले मार्ग पर राजभोज की स्मृति में तथा उज्जैन की ओर जाने वाले मार्ग पर सम्राट विक्रमादित्य को समर्पित द्वार निर्मित होगा। शीघ्र ही इन दोनों द्वारों के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न अंचलों की झलक राजधानी में अभिव्यक्त हो, इस दृष्टि से भोपाल @2047 के विकास के बारे में विचार करना आवश्यक है। इसके साथ ही भोपाल को मेट्रोपॉलिटन एरिया के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से पश्चिम में आगरा-मुम्बई रोड और विदिशा, रायसेन व सीहोर तक आवागमन का नेटवर्क विकसित करते हुए कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में भोपाल जिले के विकास कार्यों की समीक्षा में यह निर्देश दिए। बैठक में सूक्ष्म, लघु और उद्यम तथा जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर तथा मुख्य सचिव अनुराग जैन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का भोपाल से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने



के लिए जनप्रतिनिधियों ने आभार माना। उन्होंने कहा कि इससे भोपाल में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने भोपाल को उद्योग-व्यापार के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित किया है। एजुकेशन, मेडिकल, टूरिज्म, इंडस्ट्री आदि के क्षेत्र में गतिविधियों का लगातार विस्तार हो रहा है। भोपाल में आवागमन के लिए सड़क परिवहन के साधनों तथा मैट्रो सुविधा का परस्पर लिंकेज स्थापित करते हुए समग्रता में प्लान क्रियान्वित किया जाए। बहुउद्देशीय उपयोग सुनिश्चित करते हुए परिवहन अधोसंरचना का निर्माण हो। मार्गों की प्लानिंग में जन-प्रतिनिधियों के सुझावों को अवश्य शामिल किया जाए। शहर के नियोजन में सैटेलाइट सर्वे का उपयोग सुनिश्चित करते हुए अवैध बसाहटों के निर्माण पर भी नजर रखी जाए। स्वीकृत कालोनियों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल शहर में ऊंचे भवनों के निर्माण की अनुमति के संबंध में कहा कि इस संबंध में जो नियम प्रदेश में लागू हैं, भोपाल में भी उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहर को झुग्गी मुक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित आवासीय सुविधाएं किराये पर नहीं जाएं, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अवैध कालोनियों और झुग्गियों के निर्माण के संबंध में सतर्क रहें, संबंधित क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियां होने पर उस क्षेत्र के राजस्व और नगर निगम अधिकारी सीधे जिम्मेदार होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीएचईएल क्षेत्र के भूमि प्रबंधन के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के सभी शासकीय भवनों पर प्राथमिकता से सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए।

### मौसम ने ली करवट

## नौगांव में 10 डिग्री लुढ़का पारा, रतलाम जिला सबसे गर्म, अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट, भोपाल-इंदौर में गर्मी का रहेगा असर



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। वहीं बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रदेश में अगले चार दिन तक बारिश की संभावना है। आज सोमवार को 11 जिलों में ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान कई जिलों में लू का भी अलर्ट है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में गर्मी का असर देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को जबलपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, कटनी, शहडोल और उमरिया में ओले गिरने का अलर्ट है। वहीं सागर, सिंगरौली, नर्मदापुरम, बैतूल, देवास में गरज-चमक और बूंदाबांदी होने की संभावना है। प्रदेश में 29-30 अप्रैल और 1 मई को बारिश का दौर बना रहेगा। इसी दौरान लू और तेज गर्मी का असर भी देखने को मिल सकता है। ग्वालियर-चंबल संभाग में दिन में लू और रात में बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

## पश्चिम मप्र में सूरज की किरणों से बिजली उत्पादन अब 29000 स्थानों पर : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुड़े 14100 उपभोक्ता**

भोपाल (निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि पश्चिम मप्र यानि मालवा निमाड़ में सूरज की किरणों से बिजली उत्पादन करने वालों की संख्या में सतत बढ़ोत्तरी हो रही है। अप्रैल के चौथे सप्ताह तक कुल 29000 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि सौर ऊर्जा के माध्यम से मौजूदा बिजली उपभोक्ता बिजली उत्पादन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से 14100 उपभोक्ता जुड़े हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सौर ऊर्जा को लेकर मालवा और निमाड़ के बिजली उपभोक्ताओं में व्यापक उत्साह बना हुआ हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत तीन किलो वॉट तक के संयंत्र पर 78 हजार तक की सब्सिडी मिलने से सूरज की किरणों से बिजली तैयार करने वाले प्रत्येक जिलों में प्रति माह बढ़ते जा रहे हैं। इंदौर शहर सीमा में सबसे ज्यादा करीब 15700 उपभोक्ता बिजली तैयार कर रहे हैं। इसके बाद उज्जैन, रतलाम, देवास और खरगोन जिले में अपेक्षाकृत ज्यादा उपभोक्ता रूफ टॉप सोलर योजना से जुड़े हैं। अन्य जिलों में 100 से लेकर 300 उपभोक्ता सूरज की किरणों से बिजली तैयार कर रहे हैं।

## भाई के दोस्त ने घुमाने के बहाने ले जाकर कार में किया दुष्कर्म

### -शादी का झांसा देकर बनाता रहा हवस का शिकार



भोपाल(ए)। परवलिया पुलिस ने युवती की शिकायत पर उसके भाई के दोस्त के खिलफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी उसे घुमाने के बहाने बगीचा रेस्टोरेंट परवलिया लेकर पहुंचा और वहां कार में शादी का झांसा देकर उसके साथ ज्यादती की। बाद में जब पीड़िता ने उस पर शादी करने का दबाव बनाया तब उसने शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस के अनुसार मंगलवारा इलाके में रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह प्राइवेट नौकरी करती है। आरोपी हिर्देश प्रजापति उसके भाई का स्कूल के समय का दोस्त है, दोनो एक ही साथ पढ़ते थे, फिलहाल हिर्देश नगर निगम के जोन कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है। भाई का पुराना दोस्त होने के चलते वह भी हिर्देश को पहचानती है, और उनके बीच बातचीत भी होती थी। पीड़िता का आरोप है कि जनवरी 2025 में हिर्देश उसे घुमाने के बहाने कार से परवलिया इलाके के बगीचा रेस्टोरेंट पर ले गया और कार सुनसान इलाके में ले जाकर शादी का वादा करते हुए कार में उसके साथ शारीरिक संबंध बना डाले। बीते दिनो जब पीड़िता ने उससे जल्द शादी करने की बात कही तब उसने शादी करने से मना कर दिया।

## *संबल योजनाः 30 अप्रैल को श्रमिक परिवारों के खातों में सीएम मोहन यादव जारी करेंगे 600 करोड़ रुपये, मिलेगा लाभ*

*भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अक्षय तृतीया के मौके पर श्रमिक परिवारों को राशि वितरित करने जा रहे है।30 अप्रैल बुधवार को सीएम धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि रूपये 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे।प्रदेश सरकार द्वारा योजना प्रारंभ से अब तक 01 करोड 75 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन किया गया है, पंजीयन प्रक्रिया जारी है। संबल योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 से वर्तमान तक कुल 6 लाख 81 हजार से अधिक प्रकरणों में राशि रूपये 6 हजार 432 करोड से अधिक के हितलाभ का वितरण किया जा चुका है।इससे पहले सीएम यादव ने 28 मार्च को संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 23 हजार 162 प्रकरणों में श्रमिक परिवारों के खाते में 505 करोड़ रूपये जारी किए थे।दिसम्बर 2024 में संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के 10236 प्रकरणों में श्रमिकों के परिवारों को सहायता राशि 225 करोड़ भेजे गए थे।राज्य सरकार ने योजना प्रारंभ 1 अप्रैल 2018 से मार्च 2025 तक 1 करोड़ 74 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन किया है।*

## किसानों को आर्थिक रूप से समृद्धि करने सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री श्री राजपूत

*खाद्य मंत्री बोले, नरवाई जलाने से रोकने के लिए आधुनिक यंत्रों का उपयोग जरूरी*
*बारदाने की आपूर्ति करने सागर पहुंचेगी 2 विशेष ट्रेन, किसानों को 118 करोड़ का भुगतान*



भोपाल (निप्र)। किसानों की आर्थिक उन्नति और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी, किसानों के नवाचार का सम्मान और मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ सागर में दो दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला का शुभारंभ हुआ। प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मेले का उद्घाटन कर किसानों से संवाद किया। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती लता वानखेडे, विधायक शैलेंद्र जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल हुए। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अब तक समर्थन मूल्य पर उपार्जन किए गए अनाज का 118 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। शेष भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। किसानों को बारदाने की कमी न हो, इसके लिए विशेष पहल करते हुए सागर जिले के लिए दो स्पेशल ट्रेनें भेजी जा रही हैं। इससे उपार्जन में आ रही परेशानियों का समाधान होगा।

### सुपरसीडर और हैप्पीसीडर का उपयोग कर किसानों को किया प्रेरित

मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से अपील की कि वे खेतों में नरवाई जलाने की प्रथा को बंद करें। इससे भूमि की उर्वरकता खत्म होती है और पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने किसानों को सुपरसीडर और हैप्पीसीडर जैसे यंत्रों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, जो नरवाई को भूसे में बदलकर खेत में मिलाते हैं। मंत्री स्वयं प्रदर्शनी में इन यंत्रों पर बैठे और किसानों से इन तकनीकों को अपनाने की अपील की। मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे पूर्वज मोटे अनाज का सेवन कर स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जीते थे। उन्होंने किसानों से मोटे अनाज (मिलेट्स) के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने का आग्रह किया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह परवाह

भोपाल (आरएनएस)। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा 'परवाह' थीम के अंतर्गत यातायात नगरीय पुलिस भोपाल और निजी विश्वविद्यालय के द्वारा संयुक्त सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दिनांक 27.04.2025 को रेतघांट तिराहे एवं पॉलिटेक्निक चैराहे पर वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन की अपील की गई, जिसमें उन्हे हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात न करने, स्टॉप लाईन का पालन करने आदि के नियमों का पालन करने हेतु निजी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं यातायात के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वाहन चालकों को जागरूक किया गया।

आम जनता से अनुरोध है कि यातायात नियमों का पालन,यातायात व्यवस्था में सहयोग करें। किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात दूरभाष नं. 0755-2677340, 2443850 पर सम्पर्क करें।

## आरिफ मसूद को धमकी मामले पर सियासत

### विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ आरोपी की फोटो वायरल, कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप

भोपाल (आरएनएस) मध्य प्रदेश कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को धमकी मिलने के मामले पर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने दावा करते हुए कहा कि हमारे नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र हो रहे है। ट्रैपिंग से लेकर टैपिंग के कई इनपुट मिले है, जल्द इसका खुलासा करेंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि यहां सुशासन की सरकार है। कांग्रेस के कमलनाथ की नहीं, कांग्रेस सबूतों को सार्वजनिक करें।



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक आरिफ मसूद को जान से मारने की धमकी मिलना अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक है। जनप्रतिनिधियों को धमकाना सीधे लोकतंत्र पर हमला है। मैं इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं और मांग करता हूं कि सरकार तत्काल दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। मध्यप्रदेश में डर और नफ़रत की राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सरेआम धमकी देना सरकार की मंशा को प्रदर्शित करता है- कांग्रेस

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता स्वदेश शर्मा ने बताया कि लोकतंत्र में जनता भगवान और भगवान अपने जनप्रतिनिधियों को चुनती है। कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों के खिलाफ षड्यंत्र कर रही है। मसूद समेत कई जनप्रतिनिधियों को सरेआम धमकी देना सरकार की मंशा को प्रदर्शित करता है। कांग्रेस के पास भी कई बहुत सारे ऐसे इनपुट है कि सरकार की साजिश को खोलेगी। टैपिंग से ट्रैपिंग तक कई सबूत हैं।

# कामकाजी दीदियों, महिला श्रमिकों और उनके बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर

### 01 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर होगा महिला स्वास्थ्य केंद्रित शिविरों का आयोजन




भोपाल( ए.)। प्रत्येक हितग्राही को उसकी आवश्यकता एवं सुविधा के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा निरंतर नवाचार कर हितग्राहियों तक पहुंचा जा रहा है। इसी कड़ी में घरों में काम करने वाली कामकाजी दीदियों एवं महिला श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन 01 मई को किया जा रहा है। कामकाजी महिलाओं के समय और स्थान की सुविधा को देखते हुए दोपहर 1.00 बजे से तंग बस्ती क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उनके बच्चों की जांच एवं टीकाकरण भी किया जाएगा। समुदाय के बीच पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा पूर्व में श्रमिक पीठों, तंग बस्तियों, गल्ला मंडियों, रैन बसेरों, गार्बेज स्टेशंस, वृद्धाश्रमों इत्यादि में समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। ये सभी शिविर हितग्राहियों के सुविधाजनक समय एवं स्थान पर आयोजित किए गए हैं। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक भी किया गया, ताकि वे बीमारियों से बच सकें और लक्षणों की जल्द पहचान कर उपचार ले सकें। इन सामुदायिक स्वास्थ्य शिविरों में 50 हजार से ज्यादा नागरिकों को स्वास्थ्य की विभिन्न सेवाएं प्रदान की गई हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे इन विशेष शिविरों में बीमारियों के चिन्ह्यांकन एवं उपचार के साथ साथ रेफरल एवं फॉलोअप भी सुनिश्चित किया जाएगा। महिला रोगों की जांच के साथ गर्भवती महिलाओं के लिए एन सी जांच, प्रथम तिमाही में पंजीयन, टीकाकरण, हाईरिस्क चिन्हांकन, पोषण परामर्श सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। कुपोषण की पहचान कर बच्चों के टीके भी इन शिविरों में लगाए जाएंगे। शिविरों में असंचारी रोगों का परीक्षण, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, मलेरिया, क्षय रोग व कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग कर इन बीमारियों की जानकारी के लिए जागरूकता गतिविधियां भी की जाएगी।शिविरों के आयोजन के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि कामकाजी दीदियां और महिला श्रमिक काम की व्यस्तता अथवा समय अभाव के कारण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में विलंब कर देते हैं या लाभ ले ही नहीं पाते हैं। इन महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में नगर पालिका निगम एवं अन्य विभागों का सहयोग भी लिया जा रहा हैडॉ. तिवारी ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घरों में काम करने वाली दीदियों एवं महिला श्रमिकों को इन शिविरों में लाभ लेने हेतु जानकारी देकर सेवाएं लेने हेतु प्रोत्साहित करें।

## 69 करोड़ रुपये की लागत से वार्ड क्र. 48, 50 एवं 51 में बिछेगा सीवेज लाईनों का जाल, एस.टी.पी. भी बनेगा

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय ने शाहपुरा गुलमोहर कालोनी एवं मनीषा मार्केट व अन्य क्षेत्रों में सीवेज नेटवर्किंग, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण तथा पार्क के विकास कार्यों हेतु अजय नगर (शाहपुरा) गुलमोहर व मनीषा मार्केट में पृथक-पृथक भूमिपूजन किए। नगर निगम द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत लगभग 69 करोड रुपये की लागत से उक्त कार्य कराए जायेंगे जिससे नागरिकों को सीवेज की समस्या से निजात मिलेगी और साफ स्वच्छ वातावरण भी प्राप्त होगा। भूमिपूजन अवसरों पर महापौर परिषद की सदस्य सुषमा बाबीसा, जोन अध्यक्षद्वय बाबूलाल यादव एवं स्नेहलता रघुवंशी, पार्षद पप्पू विलास एवं अरविन्द वर्मा के अलावा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व व्यवसायी व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। महापौर मालती राय ने रविवार को वार्ड क्र. 51 के गुलमोहर कालोनी में सीवेज लाईन बिछाने एवं एस.टी.पी. निर्माण व पार्क आदि के विकास हेतु भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत वार्ड क्र. 50 में 41 करोड रुपये की लागत से 22 किलोमीटर सीवेज पाईप लाईन एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जाएगा साथ ही पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी कराए जायेंगे। इससे पहले महापौर राय ने वार्ड क्र. 48 के अंतर्गत अजय नगर शाहपुरा में लगभग 13 करोड रुपये की लागत से सीवेज लाईन बिछाने के कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया।

## रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर जीआरपी जवान की पिटाई को लेकर गर्माई सियासत

*- बांटने काटने की फितरत में कभी किसी का भला नहीं किया-जीतू पटवारी*
*-जाहिलो की इतनी हिम्मत सिर्फ इसलिए क्योंकि पुलिस वाला मुसलमान था- सुप्रिया श्रीनेत*



भोपाल (ए.)। भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर रात शराब पीने से रोकने पर आरोपी युवकों ने जीआरपी जवान को पुलिस की जीप में ही जमकर पीटा। आरोपियो ने जवान की वर्दी फाड़ी और गालीगलौज की। इतना ही नहीं आरोपी ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं। इस मामले में भोपाल से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक उबाल आ गया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत सहित तमाम विपक्षी नेता घटना को लेकर मप्र की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। घटना को लेकर एमपी कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, कि मोहन यादव जी अपने गृहमंत्री से पूछ कर सर्कुलर जारी कर दीजिए, प्रदेश में कितनी बार पुलिस की पिटाई आपके लिए अंसज्ञेय अपराध रहेगी। राजधानी के रानी कमलावती स्टेशन पर पुलिस की शराबी द्वारा पिटाई आपकी और पूरी सरकार की बेशर्मी और अक्षमता का आईना है, पुलिस के स्वाभिमान को भाजपा सरकार ने रसातल में भेज दिया है।

वहीं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने एक्स पर लिखा- भोपाल रेलवे स्टेशन के बाहर गाड़ी में दारू पी रहे गुंडों ने जब कॉन्स्टेबल दौलत खान पर हमला किया, तो साथी कॉन्स्टेबल कमल को कहा तुम हिंदू भाई हो, हट जाओ। शिवराज-मोदी राज ने प्रदेश में कानून नहीं, धर्म की पहचान को जिंदा किया है। गुंडे खुलेआम पुलिस पर हमला कर रहे हैं और सरकार तमाशा देख रही है। ये डबल इंजन नहीं, डबल स्टैंडर्ड की सरकार है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि भोपाल रेलवे स्टेशन पर शराबी युवकों ने जीआरपी जवान की पिटाई कर उसकी वर्दी फाड़ दी। आरोपी ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की। एमपी बीजेपी के शासन में नशे के साथ नफरत भी बढ़ रही है, जबकि बांटने-काटने की फितरत ने कभी किसी का भला नहीं किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा की रानी कमलापति स्टेशन पर पुलिस कर्मियों को शराबियों ने पीटकर बेइज्जत किया और सरकार मूक दर्शक बनी रही।

# समग्र ई-केवाईसी में विदिशा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### -सर्व समावेशी प्रगति में टॉप जिलों में शामिल

विदिशा (विलक्षण सक्सेना)। मध्य प्रदेश में समग्र आईडी ई केवाईसी के अभियान ने तेज रफ्तार पकड़ी है. लगभग 10 करोड़ 45 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड समग्र आईडी में 5 करोड़ 23 लाख से ज्यादा ई केवाईसी 31 मार्च 2025 तक पूरा हो गया है. वही अप्रैल माह में अभियान ने रफ्तार पकड़ते हुए 1 अप्रैल से 26 अप्रैल तक 22 लाख नब्बे हजार लोगों की ईकेवाईसी प्रदेश भर में पूरी कर ली गई है जिससे पूर्ण आंकड़ा 5 करोड़ 42 लाख को पार कर चुका है। समग्र आईडी मध्य प्रदेश के हर नागरिक के लिए एक हम दस्तावेज बनता है क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रचलित सभी योजनाओं के लिए यह एक संपूर्ण परिचय पत्र के रूप में काम करता है. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रचलित सभी योजनाओं में समग्र आईडी को आधार के साथ लिंक करने से लाभार्थियों को उसका सुगम एवं निर्णात्मक समाधान मिलता है. विदिशा एवं राजगढ़ ई केवाईसी की इस प्रक्रिया में सबसे बेहतर कार्य करने वाले जिलों के रूप में प्रर्दशन किया है जहां पर राजगढ़ में 71.45 प्रतिशत एवं विदिशा में 61.37 प्रतिशत वृद्धि-दर सर्वसम्मत रूप से प्राप्त की गई है. समग्र आईडी केवाईसी की प्रक्रिया को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रोत्साहित कर जिला स्तरीय पर पूर्ण किया जा रहा है. मध्य प्रदेश सरकार केवाईसी की इस प्रक्रिया से विभिन्न क्षेत्रों के लाभार्थियों को जोड़ने की एवं योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को पहुंचाने के लिए कार्यरत है। नवनियुक्त विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लोगों से ई-केवाईसी कराने का आव्हान किया।




**-कैसे करें ई-केवाईसी ?**

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट- https://samagra.gov.in/ पर जाएं, इसके बाद आपके सामने होमपेज खुलेगा। होमपेज पर आपके सामने कई विकल्प दिखेंगे, यहां आप अपडेट समग्र प्रोफाइल विकल्प में दिए गए ई-केवाईसी करें विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद आपके सामने एक पेज खुलेगा जहां आपसे आपकी समग्र आईडी की मांग की जाएगी। अपनी समग्र आईडी प्रविष्ट करके कैप्चा दर्ज करें और खोजें विकल्प पर क्लिक कर दें। खोजे बटन पर क्लिक करने के बाद आपको अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। मोबाइल नंबर पर आपके एक ओटीपी आएगा, जिसे आपको नीचे बॉक्स में दर्ज करना होगा। इसके बाद आपने आपके समग्र कार्ड की आईडी एंटर की थी उससे संबंधित कुछ निजी जानकारी आपके स्क्रीन पर आपको दिखाई देगी, जिसमें निम्नलिखित जानकारियां शामिल होंगी- समग्र आईडी, नाम, लिंग, पता इसमें नीचे की ओर आपको यह विकल्प मिलेगा की क्या आपके पास मध्यप्रदेश में कृषि करने लायक जमीन है? तो ऐसे में आपके पास भूमि है तो यश क्लिक करके सम्बंधित सभी जानकारी भरनी है। इसके बाद नेस्ट के बटन पर आपको क्लिक करना है।

**समग्र ई-केवाईसी प्रक्रिया स्टेप -2**

इसके बाद आपके सामने केवाईसी का पेज खुल जाएगा, जहां आपके सामने 2 विकल्प दिए रहेंगे, इसमें पहला आधार कार्ड और दूसरा वर्चुअल आईडी का होगा इन दोनों में से आप किसी एक का चयन करके अपनी केवाईसी पूरी कर सकते हैं।

**समग्र आधार ई-केवाईसी प्रक्रिया**

अगर आपका मोबाइल नंबर आधार से जुड़ा हुआ है, तो आप ओटीपी के विकल्प को चुनकर आगे बढ़ें, और अपना आधार नंबर दर्ज करके और सेंड ओटीपी पर क्लिक कर दें। इसके बाद आपके नंबर पर एक ओटीपी सेंड किया जाएगा उस ओटीपी को आपको बॉक्स में दर्ज करना है, इसके बाद आपको स्वीकार करें कि बटन को दबाना है। इसके अलावा जिन नागरिकों का मोबाइल नंबर उनके आधार से अपडेट नहीं है, वे उम्मीदवार बायोमैट्रिक के जरिए अपना ईकेवाईसी कर सकते हैं।

## दर्दनाक हादसा : भीषण सड़क हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौत

धार,(ए.)। यहां एक भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की जान चली गई। यह हादसा तिरला थाना क्षेत्र में हुआ, जहां एक स्विफ्ट डिजायर कार सड़क किनारे खड़े अज्ञात वाहन से टकरा गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार हादसा तिरला थाना क्षेत्र के भलगांवाडी के पास हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, अचानक कार ड्राइवर गाड़ी से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार जाकर एक वाहन में टकरा गई। टक्कर तेज थी जिससे चारों कार सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों के नाम प्रकाश, दिलीप, राजा और राहुल हैं। मृतकों में 2 झाबुआ, 1 राजगढ़ और एक धार का निवासी बताया जा रहा है।

# रतलाम के खोजनखेड़ा गांव में एक साथ उठीं 6 अर्थियां, गांव में पसरा मातम

### -दर्शन को जा रही वैन गिरी थी कुएं में, 12 की मौत, 4 घायल, वीर मनोहर ने बचाई 4 जिंदगियां

मंदसौर/रतलाम, (ए.)। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया था। दर्शन के लिए जा रही एक ईको वैन बाइक से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने कुएं में जा गिरी। हादसे में कुल 12 लोगों की जान चली गई और 4 लोग घायल हो गए। घायलों में दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों में 8 लोग रतलाम जिले के, 2 उज्जैन के और 2 मंदसौर जिले के निवासी थे। रतलाम के खोजनखेड़ा गांव से एक साथ 6 अर्थियां उठीं, जिसने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। यह हादसा नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ा-टकरावद फंटे के पास रविवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। वैन में सवार लोग उज्जैन के उन्हेल से नीमच जिले के मनासा क्षेत्र स्थित आंतरी माता मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में वैन एक बाइक से भिड़ गई और नियंत्रण खोकर कुएं में गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद स्थानीय निवासी मनोहर सिंह बिना देरी किए कुएं में उतरे और बहादुरी दिखाते हुए 4 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, लेकिन जहरीली गैस के कारण दम घुटने से उनकी भी मौत हो गई। मनोहर सिंह, नारायणगढ़ के दोरवाड़ी गांव के निवासी थे और अपने साहस का वीरता से परिचय दिया।

हादसे में जान गंवाने वाले लोग

1) नागु सिंह पिता उदा पटेल (35), रतलाम
2) रामी बाई पति पूरालाल कीर (60), रतलाम



3) कान्हा पिता मानसिंह कीर (40), रतलाम
4) श्यामलाल पिता पूरालाल कीर (30), रतलाम
5) आशा पति राकेश कीर (30), रतलाम
6) मंगू बाई पति दुल्ला कीर (50), रतलाम
7) धर्मेंद्र सिंह पिता मदन सिंह राजपूत (39), रतलाम
8) पवन पिता दुल्ला कीर (30), रतलाम
9) मधु पति मनोहर गहलोत (30), उज्जैन
10) बलराम पिता हेमराज (25), उज्जैन
11) गोवर्धन पिता देवी सिंह राजपूत (65), मंदसौर (बाइक सवार)
12) मनोहर पिता शीतल सिंह (42), मंदसौर (बचाव कार्यकर्ता)

**घायल हुए यह लोग**

1) देवेंद्र पिता मनोहर गहलोत (10), उज्जैन
2) मुकेश पिता बगदीराम कीर (28), रतलाम
3) माया पति बलराम कीर (26), उज्जैन
4) प्रियांशी पिता बलराम (3), उज्जैन

**मौके पर चला बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग सबसे पहले पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ देर में पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम भी पहुंच गई। कुएं में गिरी वैन को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। कुएं से पानी निकालने के बाद शवों को बाहर लाया गया। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर अदिति गर्ग और एसपी अभिषेक आनंद सहित अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। रेस्क्यू टीम ने बताया कि कुएं की गहराई लगभग 80 फीट थी। वैन गैस से चलने वाली थी, जिसके कारण कुएं में जहरीली गैस भर गई थी। इसी जहरीली गैस के कारण मनोहर सिंह की जान गई।

**सरकार ने घोषित की सहायता राशि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये (2 लाख प्रधानमंत्री राहत कोष और 2 लाख मुख्यमंत्री सहायता कोष से) देने की घोषणा की है। गंभीर घायलों को 1-1 लाख और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर गहरा दुख जताया है।

## इंदौर में फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

इंदौर (आरएनएस)। इंदौर पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया है, जिसमें तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी फर्जी मार्कशीट बनाने के लिए पुरानी मार्कशीट को एडिट करके नई मार्कशीट बनाते थे।

**आरोपियों के नाम और पत**

1. जावेद पिता अब्दुल रऊफ खान निवासी श्रीनगर काकड़ इंदौर
2. मोहम्मद अजरूद्दीन पिता मोहम्मद शमसुद्दीन निवासी 18 ए हिना पैलेस इंदौर
3. मोहम्मद रियाज पिता मोहम्मद शमसुद्दीन निवासी 18 ए हिना पैलेस इंदौर

**पुलिस की कार्रवाई**

थाना खजराना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जावेद खान के साइबर कैफे पर छापा मारा, जहां से सैकड़ों फर्जी मार्कशीट बरामद की गई। पूछताछ के बाद दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस की आगे की कार्रवाई**

पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है। आरोपियों के खिलाफवैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस टीम की भूमिका**

इस कार्रवाई में निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, सउनि सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रआर. पंकज सांवरिया, अजीत यादव, नरेश चौहान, आर. प्रदीप सूर्यवंशी और शुभम सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## *गलती से गलत ट्रेन में चढ़ने वाली शीतल में चलती ट्रेन से प्लेटफार्म पर लगाई छलांग*

### सहेलियों ने बताया फोन पर तो अचानक लिया खतरनाक निर्णय उसकी ट्रेन आने वाली थी बाद में

उज्जैन,(आरएनएस)। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर गलत ट्रेन में चढ़ने के बाद एक युवती चलती ट्रेन से कूद गई, हालांकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे ट्रेन की चपेट में आने से बचा लिया। युवती रतलाम की रहने वाली है।

उज्जैन रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा टल गया। रतलाम की रहने वाली 22 साल की शीतल गलती से दूसरी गाड़ी में सवार हो गई थी। असल में उसका रिजर्वेशन गाड़ी संख्या 19711 में था, जो बाद में आने वाली थी। सहेलियों से बातचीत में उसे अपनी गलती का पता चला, फिर शीतल ने घबराकर गाड़ी से प्लेटफार्म पर छलांग लगा दी।

डृयूटी करने वाले सहायक उप निरीक्षकों ने दिखाई तत्परता


प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे सहायक उप निरीक्षक शिव सिंह बघेल और प्रधान आरक्षक महेश गौरस्या ने फौरन स्थिति को भांपते हुए तेजी से कार्रवाई की। दोनों ने दौड़कर युवती को ट्रेन के नीचे आने से बचाया। सुरक्षित प्लेटफॉर्म की ओर खींच लिया।

**परिजनों को दी सूचना**

पुलिसकर्मियों की इस बहादुरी और सतर्कता की हर जगह सराहना हो रही है। घटना के बाद युवती को प्राथमिक उपचार दिया गया। फिर उसका नाम-पता नोट कर परिजनों को सूचित किया गया।

## व्यापार समाचार

# भारत में 2024 में ऐप स्टोर इकोसिस्टम से डेवलपर्स की जबरदस्त कमाई



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में ऐप स्टोर इकोसिस्टम ने 2024 में डेवलपर बिलिंग और बिक्री में 44,447 करोड़ रुपए (5.31 बिलियन डॉलर) की सुविधा प्रदान की। यह जानकारी सोमवार को एक नई एप्पल स्टडी से सामने आई है।यह स्टडी भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के प्रोफेसर विश्वनाथ पिंगली ने की है। स्टडी से जानकारी मिलती है कि एप्पल को बिना कोई कमीशन दिए 94 प्रतिशत से अधिक का व्यापारिक लाभ केवल डेवलपर्स और विभिन्न आकार के व्यवसायों को मिला।

कंपनी ने एक बयान में कहा, पिछले पांच वर्षों में, भारत स्थित डेवलपर्स की वैश्विक आय तीन गुना हो गई है, जो ऐप स्टोर द्वारा पेश किए जाने वाले जबरदस्त व्यावसायिक अवसरों और वैश्विक पहुंच को दिखाता है।

ऐप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा, ऐप स्टोर भारत और दुनिया भर के डेवलपर्स के लिए एक आर्थिक चमत्कार रहा है और हम उनके काम को सपोर्ट करने के लिए बेहद खुश हैं।

यह स्टडी भारत की अविश्वसनीय वाइब्रेंट ऐप इकोनॉमी की शक्ति को दर्शाती है। हम सभी डेवलपर्स की सफलता में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि वे ऐसे ऐप बनाते हैं जो महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं और लोगों के जीवन को समृद्ध बनाते हैं।प्रोफेसर पिंगली की स्टडी भारत में ऐप स्टोर इकोसिस्टम को आकार देने वाले प्रमुख कारकों पर एक नजर डालती है। इसमें फूड डिलिवरी, ट्रैवल, गेमिंग और एंटरटेनमेंट जैसे सेक्टर में बढ़ते ऐप इस्तेमाल की बात की गई है।2024 में ऐप स्टोर डेवलपर्स ने भौतिक वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री से कुल बिलिंग और बिक्री में 38,906 करोड़ रुपए (4.65 बिलियन डॉलर), इन-ऐप विज्ञापन से 3,014 करोड़ रुपए (352.9 मिलियन डॉलर) और डिजिटल वस्तुओं और सेवाओं से 2,527 करोड़ रुपए (302 मिलियन डॉलर) कमाए।

## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को 38 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.03 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे की बढ़त के साथ 85.29 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार वृद्धि रुपये को स्थिरता प्रदान करती है। हालांकि,



भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से रुपये पर दबाव पड़ सकता है क्योंकि इस तरह की भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं निवेशकों को सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर ले जाती हैं, जिससे उभरते बाजारों से निकासी होती है और रुपये जैसी स्थानीय मुद्राएं कमजोर होती हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.29 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है। शुरुआती सौदों के बाद यह डॉलर के मुकाबले 85.42 के निचले स्तर पर आ गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.41 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.63 पर रहा।

## सरकार ने जारी की चेतावनी, खाली हो सकता है आपका अकाउंट, न करें ऐसा

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने सभी नागरिकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा कि पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करके वित्तीय लेनदेन और संवेदनशील गतिविधियां न करें। केंद्र सरकार




की ओर से कहा गया कि हवाई अड्डों, कॉफी शॉपों और सार्वजनिक स्थानों पर मुफ्त पब्लिक वाई-फाई सुविधाजनक लग सकता है, लेकिन यह आपकी निजी और वित्तीय जानकारी के लिए बहुत जोखिम भरा हो सकता है।

इनमें से कई पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क उचित रूप से सुरक्षित नहीं हैं, जिससे वे हैकर्स और घोटालेबाजों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। डिजिटल सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-आईएन) ने अपनी 'जागरूकता दिवस' पहल के तहत यह नया रिमाइंडर जारी किया है। एडवाइजरी में नागरिकों को पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क पर बैंकिंग या ऑनलाइन शॉपिंग जैसी संवेदनशील गतिविधियां करने के प्रति आगाह किया गया है।

सीईआरटी-इन ने बताया कि साइबर अपराधी पब्लिक वाई-फाई पर असुरक्षित कनेक्शन को आसानी से हैक कर सकते हैं, जिससे यूजर्स का डेटा चोरी और वित्तीय हानि का सामाना करना पड़ सकता है। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वह ऐसे नेटवर्क से जुड़ने पर लेनदेन करने या व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें। अपने जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, सीईआरटी-आईएन ने कुछ जरूरी सेफ्टी प्रैक्टिस टिप्स भी शेयर किए हैं। इसमें कहा गया कि कभी भी अज्ञात स्रोतों से लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें, सभी ऑनलाइन खातों के लिए लंबे और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और नियमित रूप से महत्वपूर्ण फाइलों का बैकअप बाहरी ड्राइव पर रखें। यह आदतें व्यक्तिगत जानकारी के इर्द-गिर्द मजबूत सेफ्टी बनाने में मदद कर सकती हैं। सरकार एजेंसी ने कहा कि अगर उचित सावधानी न बरती जाए तो ईमेल चेक करना या सार्वजनिक वाई-फाई पर सोशल मीडिया अकाउंट में लॉग इन करने जैसी सरल गतिविधियां भी जोखिम भरी हो सकती हैं। सीईआरटी-आईएन भारत में साइबर सुरक्षा के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन काम करती है।

# 29 अप्रैल से 4 मई के बीच तीन दिन बंद रहेगा शेयर बाजार, जाने क्यों



मुंबई (ए.)। शेयर बाजार हर सप्ताह शनिवार और रविवार को बंद रहता है, लेकिन इस सप्ताह यह तीन दिन बंद रहेगा। हर सरकारी छुट्टी पर शेयर बाजार बंद रहता है, लेकिन इस बार 29 अप्रैल से 4 मई के बीच शेयर बाजार में तीन दिन बंद रहेगा। शेयर बाजार के अवकाश बैंकों व अन्य सरकारी छुट्टियों से अलग होते हैं। लिहाजा स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेडिंग केवल विशेष परिस्थितियों में ही बंद होती है।

इस सप्ताह बाजार में शनिवार और रविववार को अवकाश रहेगा, 1 मई यानी गुरुवार को भी स्टॉक मार्केट में अवकाश रहेगा। दरअसल, 1 मई को ही महाराष्ट्र दिवस मनाया जा रहा है। साल 1960 में ही महाराष्ट्र राज्य की स्थापना हुई थी। लिहाजा 1 मई को ही महाराष्ट्र और मजदूर दिवस भी मनाया जाता है। इस वजह से 1 मई को बाजार बंद रहेगा।

शेयर बाजार इस साल अक्षय तृतीया के मौके पर भी खुला रहेगा। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का त्यौहार मनेगा।

साल 2025 में अभी तक शेयर बाजार कुल 6 दिन बंद रहे। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर, 14 मार्च को होली के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहा। 31 मार्च को ईद के मौके पर भी शेयर बाजार में ट्रेडिंग नहीं हुई। महावीर जयंती के मौके पर 10 अप्रैल को भी बाजार में ट्रेडिंग नहीं की गई, जबकि 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर भी शेयर बाजार बंद रहेगा। 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे के मौके पर भी शेयर बाजार बंद रहा।

# ट्रेन में वेटिंग टिकट पर सफर करने वालों के लिए बड़ी खबर, जान लें नहीं तो परेशानी में पड़ जाएंगे



नई दिल्ली ( आरएनएस)। ट्रेन से यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। भारतीय रेलवे 1 मई से कंफर्म टिकट वाले यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए वेटिंग टिकट पर स्लीपर और एसी कोच में यात्रा करने वालों पर सख्ती बरतने जा रहा है।

नए नियमों के तहत, यदि किसी यात्री के पास वेटिंग टिकट है, तो उसे केवल जनरल क्लास (अनरिजर्व्ड कोच) में ही यात्रा करने की अनुमति होगी। आईआरसीटीसी से ऑनलाइन बुक की गई वेटिंग टिकट चार्ट बनने के बाद अपने आप रद्द हो जाती है, लेकिन कई यात्री काउंटर से वेटिंग टिकट लेकर आरक्षित डिब्बों में यात्रा करने का प्रयास करते हैं, जिससे कंफर्म टिकट वाले यात्रियों को असुविधा होती है।1 मई से नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। यदि कोई यात्री वेटिंग टिकट के साथ स्लीपर या एसी कोच में पाया जाता है, तो टिकट चेकिंग स्टाफ (टीटीई) उस पर नियमानुसार जुर्माना लगा सकता है या उसे जनरल कोच में भेज सकता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने पुष्टि की है कि यह कदम कंफर्म टिकट वाले यात्रियों की यात्रा को आरामदायक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने बताया कि वेटिंग टिकट वाले यात्रियों के आरक्षित कोच में प्रवेश करने से न केवल सीटों पर कब्जे को लेकर विवाद होता है, बल्कि डिब्बों में अनावश्यक भीड़ भी बढ़ती है, जिससे यात्रियों की आवाजाही बाधित होती है और यात्रा कष्टदायक हो जाती है।रेलवे का कहना है कि इस सख्ती के बाद केवल उन्हीं यात्रियों को स्लीपर और एसी कोच में यात्रा की अनुमति मिलेगी जिनके पास कंफर्म टिकट होगा, जिससे ट्रेनों में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। ऐसे में, अगर आप अक्सर वेटिंग टिकट पर यात्रा करते हैं, तो अब आपको अपनी यात्रा की योजना अधिक सावधानी से बनानी होगी।

## ईपीएफओ ने पीएफ ट्रांसफर नियमों को बनाया बेहद आसान और तेज, घर बैठे होगा सारा काम

नई दिल्ली (आरएनएस) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने नौकरीपेशा लोगों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब एक नौकरी से दूसरी नौकरी बदलने पर प्रोविडेंट फंड (PF) ट्रांसफर करना और भी आसान और तेज़ हो गया है। EPFO ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन करने और सदस्यों की सुविधा बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

पहले, भविष्य निधि (PF) ट्रांसफर की प्रक्रिया में दो ईपीएफओ कार्यालयों ङ्क स्रोत कार्यालय (जहां से पीएफ ट्रांसफर होना है) और गंतव्य कार्यालय (जहां पीएफ ट्रांसफर होना है) दोनों की मंजूरी की आवश्यकता होती थी। इससे ट्रांसफर में काफी समय लगता था और सदस्यों को परेशानी होती थी। मगर, नई व्यवस्था के तहत अब ज्यादातर मामलों में गंतव्य कार्यालय से अनुमोदन लेने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। श्वक्कस्नह्र द्वारा विकसित किए गए 'रिवैम्प्ड फॉर्म 13 सॉफ्टवेयर' के माध्यम से, जैसे ही स्रोत कार्यालय से ट्रांसफर क्लेम स्वीकृत होगा, पुराना पीएफ खाता राशि स्वचालित रूप से सदस्य के मौजूदा खाते में ट्रांसफर हो जाएगी।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## हिन्दी भाषा को मंजूरी नहीं

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे का कहना है कि उनका दल महाराष्ट्र में हिन्दी भाषा को अनिवार्य बनाने के कदम को मंजूरी नहीं देगा। राज्य सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप पहली कक्षा से पांचवीं तक छात्रा के लिए हिन्दी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के फैसले के मद्देनजर उनकी यह टिप्पणी आई है। उद्धव ने शिव सेना की श्रमिक शाखा के कार्यक्रम में कहा कि उनके दल को हिन्दी से परहेज नहीं है पर इसे छात्रों पर नहीं थोपा जा सकता। पिछले दिनों हिन्दीभाषी बैंककर्मी के साथ हाथापाई की घटना के अतिरिक्त मुंबई में लगातार शिवसैनिकों द्वारा भाषाई विरोध हो रहा है।

इससे पहले भी उत्तर भारत से बाहर के राज्यों द्वारा हिन्दी थोपे जाने के खिलाफ विपक्ष मुखर होता रहता है। भाषा को लेकर झगड़ा नया नहीं है परंतु इसका मकसद राजनीतिक प्रतीत होता है। देश के आधे से अधिक नागरिक हिन्दी को बोलचाल की भाषा की तरह प्रयोग करते हैं। यह देश की सबसे ज्यादा बोली भाषा भी है। केवल 26 प्रतिशत लोगों की मातृ भाषा होने के बावजूद हिन्दी का इस्तेमाल करने वालों की संख्या 69 करोड़ बताई जाती है, जो कुल जनसंख्या का 57 प्रतिशत है।

हालांकि अपने यहां हिन्दी में 56 मातृ भाषाएं संबद्ध हैं। देश भर को एक सूत्र में लपेटने वाला सिनेमा, टीवी धारावाहिक, विज्ञापन और गाने सब हिन्दी में ही मुंबई शहर में बनाए जाते हैं जिनके भरोसे रोजी-रोटी कमाने वालों में हर भाषा, वर्ग और राज्यनिवासियों का सहयोग होता है। मराठी की मूल लिपि कोंकणी होने के बावजूद आज वह देवनागरी में ही लिखी जा रही है। यूं तो देश में बंगाली और भोजपुरी बोलने वालों की संख्या अत्यधिक है परंतु राज्य सरकारें या स्थानीय शीर्ष नेताओं द्वारा मातृ भाषा की बजाय देशवासियों तक विचार पहुंचाने के लिए हिन्दी या अंग्रेजी ही प्रचलित है।

यह भी याद रखना चाहिए कि जिन राज्यों में संस्कृत स्कूली स्तर पर अनिवार्य भाषा के तौर पर पढ़ाई जाती रही है, वहां से संस्कृत में धारा-प्रवाह श्लोक पढ़ने वाली पौध नहीं तैयार की जा सकी। दूसरे मातृ भाषा पढ़ने-लिखने वालों की संख्या भी तेजी से कम होती जा रही है। नौजवान उसी भाषा को प्राथमिकता देने को राजी होते हैं, जो उन्हें रोजगार दिलाने में सक्षम हो। भाषा विवाद राजनीतिक होता है। यह जनता भली-भांति जानती है। उसे भाषा के नाम पर बरगलाना नामुमकिन है।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने भुवनेश्वर में विधानसभा परिसर में उत्कल गौरव मधुसूदन दास को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## पारिजात- आकाशगंगा से झरते तारे



कुछ फूल प्रकृति के रहस्य हैं—मौन रहकर भी हृदय को झंकृत कर देने वाले। उनमें से एक है पारिजात—एक ऐसा पुष्प जो रात के अंधकार में खिलता है, और भोर से पहले झर जाता है। कहते हैं, पारिजात समुद्र मंथन से उदभूत हुआ, कृष्ण इसे इंद्र से लड़ कर पृथ्वी पर ले आये।और तब से यह बन गया त्याग, समर्पण, सौंदर्य और मौन प्रेम का अप्रतिम प्रतीक। क्षणभंगुर होते हुए भी, पारिजात जीवन के उन शाश्वत सत्य को उद्घाटित करता है, जो शब्दों से परे है।अनायास मृत्यु की अतृप्त आकांक्षा झरते हुए पारिजात के फूलों में प्रतिबिंबित दिखती है। यह लेख पारिजात के बहाने उसी अनकहे संगीत को सुनने का प्रयास है— जहाँ पौराणिक कथाएँ, सांस्कृतिक मान्यताएँ, साहित्यिक स्मृतियाँ और जीवन-दर्शन एक साथ मिलकर एक सुगंधित स्वप्न बुनते हैं। आइए मेरे साथ इस यात्रा में, जहाँ आकाशगंगा से तारे झरते हैं, और धरती पारिजात बनकर मुस्कुराती है।

-उदय कुमार वर्मा

## रेसिप्रोकल टैरिफ नीति से वैश्विक अर्थव्यवस्था हिला

विनीत नारायण

वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद का दौर एक बार फिर से उभर रहा है। अप्रैल, 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) नीति ने वैंकि अर्थव्यवस्था को हिला दिया है। यह नीति अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम भारत और विश्व की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहे हैं। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अरुण कुमार इस नीति के प्रभावों का विश्लेषण करते हुए बताते हैं कि अमेरिका ने अपनी टैरिफ नीति को पारस्परिक करार देते हुए कहा है कि यह अन्य देशों द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं (जैसे मुद्रा हेरफेर और नियामक अंतर) के जवाब में उठाया गया कड़ा कदम है। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 52: का प्रभावी टैरिफ लगाता है, जिसके जवाब में भारत से आयात पर 27: का टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, इस गणना की सटीकता पर सवाल उठाए गए हैं। समिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने व्यापार घाटे और आयात मूल्य के आधार पर टैरिफ दरें तय कीं जो विश्व व्यापार संगठन के डेटा से मेल नहीं खातीं। भारत का अमेरिकी वस्तुओं पर औसत टैरिफ दर 2023 में केवल 9.6: था, जो अमेरिकी दावों से काफी कम है। इस नीति में दो स्तर के टैरिफ शामिल हैं: 5 अप्रैल से सभी देशों पर 10: का आधारभूत टैरिफ और 9 अप्रैल से देश-विशिष्ट टैरिफ। कुछ वस्तुओं जैसे फार्मास्यूटिकल्स और ऊर्जा उत्पादों को टैरिफ





से छूट दी गई है, जिससे भारत के कुछ क्षेत्रों को राहत मिली है। भारत, जो अमेरिका का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, 2024 में 80.7 बिलियन डलर का माल अमेरिका को निर्यात करता था। 27: टैरिफ से भारत के कई क्षेत्र प्रभावित होंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी मिल सकता है। प्रो. अरुण कुमार के अनुसार, इस नीति का प्रभाव अल्पकालिक और दीर्घकालिक, दोनों रूपों में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत के 14 बिलियन डलर के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात और 9 बिलियन डलर के र प्रतिशत-आभूषण निर्यात पर टैरिफ का भारी असर पड़ेगा। ये क्षेत्र अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं और लागत में वृद्धि से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है। इसके साथ ही मछली, झींगा और प्रसंस्कृत समुद्री खाद्य उद्योग, जो 2.58 बिलियन डलर का है, पर 27.83: का टैरिफ अंतर भारत की प्रतिस्पर्धा को कम करेगा खासकर जब पहले से ही अमेरिका में एंटी-डंपिंग शुल्क लागू हैं। भारतीय वस्त्र उद्योग को मिश्रित प्रभाव का सामना करना पड़ेगा। हालांकि भारत पर टैरिफ वियतनाम (46:) और बांग्लादेश (37) की तुलना में कम है, फिर भी बाजार और मुनाफे में कमी का जोखिम बना रहेगा। वहीं भारत के 9 बिलियन डलर के फार्मास्यूटिकल निर्यात को टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे इस क्षेत्र को राहत मिली है। भारतीय फार्मा कंपनियों के शेयरों में 5 की वृद्धि देखी गई। हालांकि सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रत्यक्ष रूप से टैरिफ से प्रभावित नहीं हैं, लेकिन वीजा प्रतिबंध और व्यापार तनाव भारतीय आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस और इन्फोसिस के लिए चुनौतियां पैदा कर सकते हैं। प्रो. कुमार का मानना है कि भारत को कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, क्योंकि चीन और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों पर अधिक टैरिफ लगाए गए हैं। उदाहरण के लिए परिधान और जूते जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। टैरिफ के कारण भारत के निर्यात में 30-33 बिलियन डलर की कमी आ सकती है। अर्थशास्त्रियों ने भारत की 2025-26 की विकास दर को 20-40 आधार पर कम करके 6.1 कर दिया है। हालांकि, भारत सरकार का दावा है कि तेल की कीमतें 70 डलर प्रति बैरल से नीचे रहती हैं, तो 6.3-6.8 की विकास दर हासिल की जा सकती है। अमेरिकी टैरिफ नीति का वैंकि अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। प्रो. कुमार के अनुसार, यह नीति वैश्विक व्यापार प्रणाली में 1930 के स्मूट-हले टैरिफ एक्ट के समान व्यवधान पैदा कर सकती है। टैरिफ से वैंकि व्यापार की गति धीमी होगी, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होगा। जेपी मार्गन ने चेतावनी दी है कि यदि यही टैरिफ नीति लागू रहती है, तो अमेरिका और वैंकि अर्थव्यवस्था मंदी में आ सकती है। इससे आयातित वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।

## पोषण 2.0 दिशा-निर्देशों के दायरे में शुरु

डॉ. अनन्या अवस्थी

भारत में 7वां पोषण पखवाड़ा अप्रैल में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पोषण ट्रैकर के नए शुरू किए गए लाभार्थी मॉड्यूल के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि सामुदायिक सशक्तिकरण के एक नये चरण की शुरु आत करता है, जिससे नागरिकों के हाथों में सीधे कार्ययोग्य पोषण डेटा उपलब्ध होता है।

राष्ट्रीय पोषण नीति ढांचे उर्फ पोषण 2.0 दिशा-निर्देशों के दायरे में शुरू की गई यह नई सुविधा लंबे समय से चली आ रही चुनौती का समाधान करती है आंगनवाड़ी कायरे में समुदाय का कमजोर स्वामित्व, जिसने अक्सर देश भर में पोषण हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। पोषण ट्रैकर मोबाइल-आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग पहले से ही हर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण और बच्चों की देखभाल सेवाओं के वितरण पर वास्तविक समय डेटा प्रदान करने के लिए किया जाता है, अब इसकी पहुंच उन लोगों तक हो गई है, जिन्हें यह सेवा प्रदान करना चाहता है। यह विशेष मॉड्यूल आपको अपने स्थान के सबसे नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र का पता लगाने में सक्षम बनाता है और गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, 6 वर्ष तक के बच्चों और किशोरियों के लिए स्व-पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। महिला लाभार्थी गर्भावस्था के तिमाही, एनीमिया की स्थिति, गर्भावस्था के दौरान वजन बढ़ने को रिकॉर्ड करने और टेक-होम राशन (टीएचआर) और गर्म पके हुए भोजन (एचसीएम) की प्राप्ति पर नजर रखने सहित अपने सेवा इतिहास की निगरानी करने के लिए इस मॉड्यूल का उपयोग कर सकती हैं। माता-पिता और देखभाल करने वाले भी अपने बच्चे की लंबाई और वजन की सक्रिय रूप से निगरानी करने, यह जांचने के लिए कि क्या वे विकास संबंधी क्षमताओं को प्राप्त कर रहे हैं, और टीएचआर और एचसीएम के लिए पात्रता सत्यापित करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक यह है कि यह लाभार्थियों को आंगनवाड़ी सेवाओं की अपर्याप्त प्राप्ति से संबंधित शिकायतों के निवारण की मांग करने का अधिकार देता है। उदाहरण के लिए, स्तनपान कराने वाली मां, उसका पति या परिवार का कोई भी सदस्य अब टीएचआर न मिलने या स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याओं, जैसे अनियमित रूप से खुलने या बुनियादी ढांचे की कमी जैसी समस्याओं की रिपोर्ट कर सकता है।

पोषण ट्रैकर का लाभार्थी मॉड्यूल अपने लाभार्थियों के साथ सीधा संबंध स्थापित करके पोषण ट्रैकर को इंटरैक्टिव, नागरिक-केंद्रित, डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य और पोषण प्रणाली के लिए एक बेंचमार्क में बदलने के लिए कई आशाजनक रास्ते खोलता है। मॉड्यूल के लिए विचार करने के लिए चार आशाजनक भविष्य की दिशाएं हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत में स्मार्टफोन के व्यापक उपयोग का लाभ उठाते हुए, इस मॉड्यूल में निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र में मिलने का समय निर्धारित करने या आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर पर दौरा करने की व्यवस्था करने जैसी सुविधाएं शामिल की जा सकती हैं। दूसरा, आगामी समुदाय-आधारित कार्यक्रमों के बारे में लाभार्थियों को संक्षिप्त संदेश या अलर्ट भेज कर, लाभार्थी मॉड्यूल स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं के साथ नागरिकों को जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में काम कर सकता है।

इससे वजन दिवस जैसी सामुदायिक गतिविधियों में लाभार्थी की भागीदारी बढ़ सकती है, जहां गांव के सभी बच्चों का मासिक वजन लिया जाता है, अन्नप्राशन जैसे पोषण कार्यक्रमों का जश्न मनाया जाता है, जो छोटे बच्चों को ठोस खाद्य पदाथरे की शुरु आत का प्रतीक है और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के लिए स्थानों और तिथियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। तीसरा, पोषण ट्रैकर के भीतर एक इन-बिल्ट फीडबैक सिस्टम के निर्माण से लाभार्थियों को प्राप्त आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने की सुविधा मिलेगी, जिसमें विकास निगरानी, खाद्य राशन की डिलीवरी, घर का दौरा और गंभीर कुपोषण से पीड़ित बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रेफरल शामिल हैं। यह वृद्धि पोषण ट्रैकर को ऐसे प्लेटफॉर्म में बदल सकती है जो सेवा वितरण के सामाजिक ऑडिट की अनुमति दे सकता है, जिससे लाभार्थियों की जरूरतों और मांगों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके।

## महान गणितज्ञ जूल्स हेनरी पोंकारे

संजय गोस्वामी

जूल्स हेनरी पोंकारे का जन्म 29 अप्रैल, 1854 को नैन्सी में हुआ था पोंकारे का परिवार पढ़ा लिखा और प्रसिद्ध था। उनके चचेरे भाई रेमंड फ्रांस के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री थे, और उनके पिता लियोन नैन्सी विश्वविद्यालय में चिकित्सा के प्रोफेसर थे। उनकी बहन एलाइन ने अध्यात्मवादी दार्शनिक एमिल बुट्रोक्स से शादी की।

पोंकारे ने पेरिस में खनन इंजीनियरिंग, गणित और भौतिकी का अध्ययन किया। 1881 से शुरू होकर, उन्होंने पेरिस विश्वविद्यालय में पढ़ाया। वहाँ उन्होंने भौतिक और प्रायोगिक यांत्रिकी, गणितीय भौतिकी और संभाव्यता के सिद्धांत, और आकाशीय यांत्रिकी और खगोल विज्ञान के अध्यक्षों का पद संभाला। अपने वैज्ञानिक करियर की शुरुआत में, 1879 के अपने डॉक्टरेट शोध प्रबंध में, पोंकारे ने अंतर समीकरणों द्वारा परिभाषित कार्यों के गुणों का अध्ययन करने का एक नया तरीका तैयार किया,पोंकारे एक विज्ञान और गणित के फ्रांसीसी दार्शनिक होने के साथ-साथ एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और गणितज्ञ भी थे। गणित की नींव में उन्होंने परम्परावाद के पक्ष में, औपचारिकता के विरुद्ध, तर्कवाद के विरुद्ध और कैंटर के अपने नए अनंत सेटों को मानवीय सोच से स्वतंत्र मानने के विरुद्ध तर्क दिया। पोंकारे ने गणित के लिए एक उचित रचनात्मक आधार में अंतर्ज्ञान की आवश्यक भूमिका पर जोर दिया। उनका मानना था कि तर्क विश्लेषणात्मक सत्यों की एक प्रणाली थी, जबकि अंकगणित इन शब्दों के कांट के अर्थ में संश्लेषणात्मक और पूर्वोक्त था। गणितज्ञ प्रमाण की जाँच करने के लिए तर्क के तरीकों का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन उन्हें प्रमाण बनाने के लिए अंतर्ज्ञान का उपयोग करना चाहिए, उनका मानना था। उन्होंने कहा कि गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति यूक्लिडियन ज्यामिति जितनी ही वैध हैं, क्योंकि सभी ज्यामिति परंपराएँ या छिपी हुई परिभाषाएँ हैं। हालाँकि सभी ज्यामितियाँ भौतिक स्थान के बारे में हैं, लेकिन एक ज्यामिति को दूसरों के ऊपर चुनना अर्थव्यवस्था और सरलता का मामला है, न कि झूठे लोगों के बीच सही को खोजने का मामला। पोंकारे के लिए, विज्ञान का उद्देश्य व्याख्या करने के बजाय भविष्यवाणी करना है। हालाँकि हर वैज्ञानिक सिद्धांत की अपनी भाषा या वाक्यविन्यास होता है, जिसे परंपरा के अनुसार चुना जाता है, लेकिन यह परंपरा का मामला नहीं है कि वैज्ञानिक कथन तथ्यों से सहमत नहीं होता प्रयोग आवश्यक होता है ।





मेष राशि :आपके लिए आज का दिन उम्मीदों से भरा रहेगा। आपके कामकाजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं। आपके जीवन में खुशहाली आएगी। आप किसी बड़ी संपत्ति में निवेश करेंगे। आपके आय में वृद्धि होगी साथ ही आप आमदनी के नए अवसर भी खोजेंगे। आपके कार्यों में देरी हो सकती है, लेकिन आप अपने परिवार और कामकाज में संतुलन बनाएंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नई बातें सीखेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों के लिए अच्छा समय है। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। इस दौरान आपको अपने कौशल के दम पर नौकरी मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको लग्जरी चीजों का लाभ उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।

मिथुन राशि : आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह आपको प्रसन्नता होगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

कर्क राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको जीवन में कुछ नए अवसर मिलेंगे। जो आपकी पर्सनल लाइफ के लिए अच्छे रहेंगे। अभी आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं या पदोन्नति पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं तो आपकी योजनाएं सफल होंगी। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। थोड़ी और मेहनत से सफलता मिलेगी।

सिंह राशि : आज का दिन उत्साह भरा होगा। इस राशि के लोगों को अपने विरोधियों से जीत हासिल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आपको कर्जमाफी का लाभ भी मिल सकता है। आज हो सके तो नए कामों को शुरूआत कर दें, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज ऑफिस में कार्यों के प्रति अपने मत रखने में समस्या आएंगी, बेहतर यही होगा की आज आप अपनी राय देने से बचें।

कन्या राशि : आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आपका सोशल सर्किल बेहतर होगा। साथ ही दूसरों के साथ बातचीत करने के कौशल में भी सुधार होगा। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में आप सफल साबित होंगे। व्यापार में आज अधिक धन लाभ की संभावना है।

तुला राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके किसी प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी होगी। जो लोग काफी दिनों से नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उनके लिए दिन शुभ है। कोई अच्छी खबर मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज कार्यों में बदलाव करने से बचे। अगर व्यवसाय में नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है। आज आपके घर में किसी आयोजन को लेकर उत्साह रहेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज अचानक मित्र से मुलाकात होगी। आप उनसे करियर को लेकर विचार विमर्श भी करेंगे। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज आपको सुखद जीवन जीने के लिए कई अवसर मिलने वाले हैं। आप अपने लक्ष्यों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। उन्हें पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। रिश्तेदारों के आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर करें। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके कार्यों के लिए कारगर साबित होगी। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें, काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें। आज घर में शांति पूर्ण माहौल रहेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। आज परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। आज किसी विशेष स्थिति में अपने जीवनसाथी को सलाह जरूर दें। आज ऑफिस के किसी कार्य को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

## भारत-पाक़ के बीच तनाव चरम पर पहुंचा

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं/

सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए एडवाइज़री ज़ारी-जम्मू सरकारी मेडिकल, स्टाफ,दवाइयां,उपकरण तैयार रखने के आदेश ज़ारीवैश्विक स्तरपर अब दुनियाँ के हर देश की ऐसी विचारधारा हो गई है कि,भारत अब दम रखता है, वैश्विक निर्णयों में हस्तक्षेप,अर्थव्यवस्था में दखल और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दमक व विकसित देशोंमें पैठ के चलते पहलगाम हमले नें मानों सोए शेर को जगा दिया है, या यूं कहें कि दुश्मन ने मधुमक्खियां के छत्ते में हाथ डाला है तो अंजाम तो भुगतना पड़ेगा ही, हालांकि भारतीय फौजी नेता या विशेषज्ञों ने सीधे तौर पर कोई बयान नहीं दिया है परंतु मेरा मानना है कि बौद्धिक क्षमता में निपुण हर भारतीय अब समझ गया है कि सरकार अब पहलगाम हमले का जबरदस्त जवाब देने के मूड में है, क्योंकि हम देख रहे हैं कि सिंधु नदी जल, वीजा, वाघा बॉर्डर इत्यादि पर सख्त फैसलों के बाद जम्मू के अस्पतालों मेडिकल कॉलेजों को अलर्ट करना, भारतीय सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर रहना तथा दिनांक 26 अप्रैल 2025 को देर शाम सभी मीडिया चैनलों प्लेटफॉर्मों के लिए एडवाइजरी जारी करना यह किसी बड़ी कार्रवाई की ओर इशारा करता है,जिसपर पूरा विश्व नजरे गड़ाए बैठा है,क्योंकि पूरे अंतरराष्ट्रीय जगत ने आतंकवाद के खिलाफ़ भारत के पक्ष में पुणे समर्थन दिया है, इसीलिए किसी ठोस कार्रवाई की उम्मीद लगाना वाजबी भी है। चूँकि अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत द्वारा पाक पर किसी सैन्य कार्रवाई या सर्जिकल स्ट्राइक की सुबसुबाहट हो रही है,पहलगाम हमले की जवाबीकार्रवाई पर सबकी नज़रें टिकी हुई है, तथा भारत-पाक ने सीमा पर तैनाती बढ़ाई है एवं केंद्र सरकार, विपक्ष, जम्मू कश्मीर सरकार, कश्मीरी आवाम हम साथ साथ हैं, वाली लाइन पर आ गए हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत पाक के बीच तनाव चरम पर पहुंचा, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए एडवाइजरी जारी, जम्मू सरकारी मेडिकल, स्टाफ, दवाइयां, उपकरण तैयार रखने के आदेश ज़ारी।

साथियों बात अगर हम सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए एडवाइजरी जारी करने की करें तो, राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी मीडिया चैनलों, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही से संबंधित किसी भी जानकारी का सीधा प्रसारण न किया जाए। दरअसल, इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाओं को कवर करने को लेकर मीडिया पर सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में प्रसारण मंत्रालय ने पहले ही मीडिया को सतर्क कर दिया है और सलाह दी है। एडवाइजरी में कहा गया है,राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे सुरक्षा संबंधी अभियानों से जुड़े मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी बरतें। मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि संवेदनशील जानकारी का असावधानीपूर्वक प्रसारण राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। पुलवामा हमले के दौरान कुछ मीडिया चैनलों द्वारा सुरक्षा बलों की तैनाती और उनके ठिकानों की विस्तृत जानकारी प्रसारित करने पर सवाल उठे थे। विशेषज्ञों और रक्षा विश्लेषकों ने तर्क दिया था कि ऐसी जानकारी आतंकवादी समूहों तक पहुंच सकती है, जिससे सुरक्षा बलों के लिए जोखिम बढ़ जाता है।एडवाइजरी में कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले और कंधार विमान अपहरण जैसी पिछली घटनाओं का हलवा दिया गया है। मंत्रालय की यह सलाह इन घटनाओं से सबक लेते हुए उठाया गया कदम माना जा रहा है। यह दिशानिर्देश न केवल रक्षा अभियानों की गोपनीयता सुनिश्चित करेगा, बल्कि जनता में अनावश्यक भय और अफवाहों को भी रोकेगा।मंत्रालय नेमीडिया से अपील की है कि वे केवल सत्यापित और प्रामाणिक जानकारी ही साझा करें। यह सलाह सोशल मीडिया उपयोग कर्ताओं के लिए भी महत्वपूर्ण है, जो अक्सर अनजाने में संवेदनशील जानकारी साझा कर देते हैं। मंत्रालय ने सभी से जिम्मेदार और सुरक्षित सूचना प्रसार की अपील की है, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता न हो। देशहित में मीडिया चैनल लाइव कवरेज करते हुए सावधानी बरतें। एडवाइजरी में 8 निर्देश दिए गए हैं। (1) राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स को सलाह दी जाती है कि वे अत्यंत जिम्मेदारी के साथ काम करें और रक्षा व अन्य सुरक्षा से संबंधित अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय मौजूदा कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन करें। (2) विशेष रूप से रक्षा अभियानों या बलों की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार का रियल-टाइम कवरेज,लाइव प्रसारण,या सूत्रों परआधारित जानकारी का प्रकाशन नहीं किया जाना चाहिए, संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा करने से शत्रुतापूर्ण तत्वों को मदद मिल सकती है और इससे अभियानों की प्रभावशीलता और सुरक्षा बलों के कर्मियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। (3) पिछले घटनाक्रमों ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11), और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान, अनियंत्रित कवरेज का राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। (4) मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और पर्सनल यूजर राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यहहमारी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी भी है कि हम अपनी कार्रवाइयों से जारी अभियानों या सुरक्षा बलों की सुरक्षा से समझौता न करें। (5) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय पहले ही सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1) (p) का पालन करने की सलाह दे चुका है। नियम 6(1) (p) कहता है कि, कोई भी कार्यक्रम केबल सेवा में प्रसारित नहीं किया जाएगा जिसमें किसी भी सुरक्षा बल द्वारा किए जा रहे किसी भी आतंकवाद विरोधी अभियान का लाइव कवरेज शामिल हो, जहां मीडिया कवरेज को केवल सरकार द्वारा नामित अधिकारी द्वारा समय-समय पर ब्रीफिंग तक सीमित रखा जाएगा, जब तक कि ऐसा अभियान समाप्त नहीं हो जाता (6) यह ऐसा प्रसारण केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 का उल्लंघन है और इसके तहत कार्रवाई के लिए उत्तरदायी है।

# गोली मार दो लेकिन निकालकर न फेंको..भारत छोड़कर नहीं जाना चाहते पाकिस्तानी; अब तक 627 सीमा पार



अमृतसर(आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने के निर्देश जारी किए जाने के बाद, बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के रास्ते अपने वतन वापस लौट गए हैं। पिछले पांच दिनों में कम से कम 627 पाकिस्तानी भारत छोड़कर जा चुके हैं, जिनमें 9 राजनयिक और अधिकारी भी शामिल हैं। भारत सरकार ने शॉर्ट टर्म वीजा की 12 श्रेणियों के धारकों को तत्काल पाकिस्तान लौटने का आदेश दिया था, जिसकी समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई।भारत छोड़ते समय कई पाकिस्तानियों को भावुक होते देखा गया। बालासोर जिले में चार साल की उम्र से रह रही 72 वर्षीय रजिया सुल्ताना ने दर्द भरी गुहार लगाते हुए कहा, अगर हमने कुछ गलत किया है तो गोली मार दो लेकिन देश से निकालकर ना फेंको। किडनी की समस्या से जूझ रहीं रजिया सुल्ताना को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला है और 10 मई को भुवनेश्वर में उनका मेडिकल अपॉइंटमेंट है। उनके परिवार ने सरकार से उन्हें राहत देने की अपील की है।

गुजरावालां के सोनी मसीह से शादी करने वाली मारिया को भी भारत छोड़ने का आदेश मिला है। पिछले साल ही उनकी शादी हुई है और मारिया गर्भवती हैं। उन्हें अब तक लॉन्ग टर्म वीजा नहीं मिला था। मारिया ने कहा कि वह किसी भी कीमत पर अपने पति को छोड़ना नहीं चाहतीं। पाकिस्तान से भी 756 लोग अटारी-वाघा सीमा के रास्ते भारत वापस आए हैं, जिनमें 14 राजनयिक और अधिकारी शामिल हैं। पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए 'भारत छोड़ो' नोटिस जारी किया था, जिसके बाद अटारी-वाघा सीमा से पाकिस्तान लौटने वालों की संख्या काफी बढ़ गई। रविवार को भी कम से कम 237 लोगों ने सीमा पार की, जिनमें 115 पाकिस्तान से भारत वापस आने वाले थे।गुरुवार को 115 भारतीयों ने पाकिस्तान छोड़ा था, जबकि 28 पाकिस्तानी अपने देश लौटे थे।

## पंजाब पुलिस की नशे के खिलाफ निर्णायक जंग, DGP गौरव यादव ने साझा की अहम जानकारी


चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और कई मामलों में तस्करों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाए गए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने चंडीगढ़ के सेक्टर 9 स्थित पंजाब पुलिस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए नशे के खिलाफ चल रही मुहिम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार और पुलिस ने एक व्यापक रणनीति तैयार की है, जिसके तहत 31 मई तक नशे के खिलाफ अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं और उच्च स्तरीय बैठकों में इसकी समीक्षा की जा रही है। तस्करों की संपत्ति जब्त करने के साथ ही अवैध संपत्तियों पर भी बुलडोजर चलाया जा रहा है। नशे के आदी लोगों को नशा मुक्ति केंद्रों में भेजा जा रहा है और उनके पुनर्वास के लिए काम किया जा रहा है।



भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ने नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के निजी कागजात संग्रह का अधिग्रहण किया। डॉ. कलाम के परिवार के सदस्य भी मौजूद हैं।

## पानी बंद होने पर पाकिस्तान में बिलबिलाहट : केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल

सूरत ,(आरएनएस)। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की गीदड़भभकी पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने तीखा हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का पानी रोकने पर बिलावल को बिलबिलाहट हो गई है।सीआर पाटिल सूरत में जलसंचय कार्यक्रम में सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने जल संचय के महत्व पर जोर दिया। पाटिल ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा दी गई धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान का पानी बंद कर दिया गया है और इसके बाद बिलावल की बिलबिलाहट शुरू हो गई। वह कह रहे थे कि अगर नदी में पानी नहीं आएगा तो भारत में खून की नदियां बहेंगी।उन्होंने आगे कहा, क्या हमें ऐसे लोगों से डरना चाहिए? मैं कहता हूं, भाई जरा शांति रखो। अगर ताकत है तो आओ यहां। हम ऐसी धमकियों की चिंता किए बिना अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और पानी बचाने के प्रयास करते रहेंगे।सीआर पाटिल ने यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए हो सकता है, लेकिन उनका विश्वास था कि भारत पानी के लिए कोई युद्ध नहीं करेगा, क्योंकि पीएम मोदी के नेतृत्व में जल संचय की व्यवस्था पूरी तरह से हो जाएगी।



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पहलगाम आतंकवादी हमले पर आयोजित विशेष सत्र के दौरान बोलते हुए।

## हम पाकिस्तान के साथ खड़े हैंभारत ने खुद मरवाए हैं हिंदू , खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने फिर उगला जहर

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भारत विरोधी जहर उगला है। सिख्स फॉर जस्टिस (स्न्नछ्व) के प्रमुख पन्नू ने खुलकर पाकिस्तान का साथ देने की बात कही है और भारतीय सेना को खुली धमकी दी है।

पन्नू ने कहा कि पंजाब के रास्ते भारतीय सेना को पाकिस्तान पर हमला नहीं करने दिया जाएगा। साथ ही पाकिस्तान को पाक बताते हुए दावा किया कि सिख समुदाय पाकिस्तान के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। पन्नू ने यह बातें 'आजाद डिजिटल' को दिए एक इंटरव्यू में कही हैं।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या हुई थी। पन्नू ने इस पर विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि पहलगाम में हिंदुओं का नरसंहार भारत ने खुद कराया ताकि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग-थलग किया जा सके और चुनावी फायदे उठाए जा सकें।

## आपको इस बार स्वर्ग भेजकर रहेंगे, यमराज तय करेंगे जगह' अमित शाह को इशारों में ये क्या कह गए खड़गे ?



जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आज कांग्रेस के दिग्गजों का जमावड़ा लगा। 'संविधान बचाओ रैली' के मंच से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित तमाम बड़े नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर दिए गए एक पुराने बयान पर पलटवार करते हुए तीखा हमला बोला।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में अमित शाह द्वारा दिए गए उस बयान का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'आप अंबेडकर का इतना नाम लेते तो स्वर्ग पहुंच जाते।' खड़गे ने इसी बयान पर पलटवार करते हुए कहा, शाह बोलते हैं कि आप अंबेडकर का इतना नाम लेते तो स्वर्ग पहुंच जाते, तो हमने भी तय किया है कि आपको इस बार स्वर्ग भेजकर रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि स्वर्ग में जगह मिलेगी या नहीं, इसका फैसला तो यमराज करेंगे। खड़गे का सीधा इशारा अमित शाह की तरफ था।कांग्रेस अध्यक्ष ने बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान को याद दिलाते हुए कहा कि संविधान बनाने वाली समिति के सदस्य खुद यह मानते थे कि अगर अंबेडकर जी समय न देते तो शायद संविधान इस रूप में नहीं आ पाता। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता ऐसा बोलते हैं कि बाबा साहेब का इतना नाम लेते तो स्वर्ग मिल जाता।गौरतलब है कि अमित शाह ने पिछले साल संसद सत्र के दौरान लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान बाबा साहेब अंबेडकर का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा था।

## घटना होने से पहले बता दूंगा' पहलगाम हमले के बाद बाबा बागेश्वर का वीडियो वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश में आक्रोश भर दिया है। इस हमले के बाद पाकिस्तान से बदला लेने की भावनाएं प्रबल हैं, और लोग अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने अपनी शक्तियों को राष्ट्रहित में उपयोग करने की बात कही है। वायरल हो रहे क्लिप में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री यह दावा करते दिख रहे हैं कि वे अपनी शक्ति के माध्यम से भविष्य में होने वाली घटनाओं का पूर्वानुमान लगा सकते हैं। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर इस दावे के साथ साझा किया जा रहा है कि देश की सुरक्षा के लिए आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की शक्तियों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।वीडियो में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने देश के रक्षा मंत्री से आग्रह करते हुए कहा, हम तो भारत के रक्षा मंत्री से भी कहेंगे कि हमारी शक्ति का सदुपयोग करें। हम आधिकारिक तौर पर कोई अधिकारी तो नहीं बन सकते, लेकिन हमारे पास जो चेतना है, हनुमान जी की जो कृपा है, उसका राष्ट्रहित में उपयोग किया जाए।

## हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण शुरू, श्रद्धालुओं में उत्साह

हरिद्वार (आरएनएस)। उत्तराखंड के तीर्थ स्थल हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया सोमवार सुबह 7 बजे से ऋषिकुल मैदान में शुरू हो गई है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही तीर्थयात्री लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर अपने पंजीकरण की प्रतीक्षा करते नजर आए।

ऋषिकुल मैदान में स्थापित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र पर इस बार विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए 20 काउंटर स्थापित किए गए हैं। इनमें से 18 काउंटर सामान्य पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि विशेष रूप से दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों और विदेशी पर्यटकों के



लिए अलग काउंटर खोला गया है। इस व्यवस्था से सभी श्रेणियों के तीर्थयात्रियों को सहूलियत मिलने की उम्मीद है।

पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऋषिकुल मैदान में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा, 20 काउंटरों वाला पंजीकरण केंद्र स्थापित किया गया है, जिसमें तीन काउंटर विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों और विदेशी पर्यटकों के लिए नामित हैं। हमारा उद्देश्य सभी तीर्थयात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करना है। पंजीकरण प्रक्रिया को तेज करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पंजीकरण केंद्र पर पानी, छाया और बैठने की व्यवस्था की गई है ताकि तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, मेडिकल सुविधाएं और पुलिस बल की तैनाती भी की गई है ताकि किसी आपात स्थिति से निपटा जा सके।पंजीकरण केंद्र पर पहुंचे एक तीर्थयात्री रमेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं पहली बार चारधाम यात्रा पर जा रहा हूं।

## महाराष्ट्र के भंडारा में हादसा, कार की ट्रक से टक्कर में चार लोगों की मौत

भंडारा , (आरएनएस)। महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में बीती रात हुई। बताया जा रहा है कि एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। जब गाड़ी बेला गांव के पास पहुंची, तभी नागपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच, घटना की जानकारी मिलने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात रोक दिया गया। भंडारा पुलिस और गाडेगांव हाईवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हादसे में घायल हुए व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही उन्होंने गाड़ी से शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इस हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें शैलेंद्र बघेल, शैलेश गोकुलपुरे, विनोद बिनेवार और अशोक धैरवाल शामिल हैं। इसके अलावा, घायल हुए व्यक्ति का नाम अविनाश नागतोडे है। फिलहाल उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## निशिकांत दुबे ने भारत में ब्याही गई पाकिस्तानी युवतियों का उठाया मुद्दा, दावा- 'इनकी संख्या 5 लाख से ज्यादा



नई दिल्ली ,(आरएनएस) । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान की उन युवतियों की बात की है जिनका विवाह भारत में हुआ है। उनके मुताबिक पांच लाख से ज्यादा पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी करके रह रही हैं।

निशिकांत दुबे ने कहा कि इन लड़कियों को अभी तक भारत की नागरिकता नहीं मिली है। उन्होंने इन्हें आंतरिक दुश्मन बताते हुए इनसे निपटने की बात कही।निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पाकिस्तानी आतंकवाद का एक नया चेहरा अब सामने आया, लगभग पांच लाख से ऊपर पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी कर हिंदुस्तान में रह रही है, आज तक उनको भारत की नागरिकता नहीं मिली है। अंदर घुसे इन दुश्मनों से लड़ना कैसे है?

निशिकांत दुबे के इस पोस्ट ने सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में तीखी बहस छेड़ दी है। दरअसल निशिकांत दुबे का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया और कई कड़े कदम उठाए है।सरकार ने सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया है, जो दोनों देशों के बीच जल संसाधनों के बंटवारे का महत्वपूर्ण समझौता था। इसके अलावा, भारत ने शॉर्ट टर्म वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया था। इसके बाद से ही भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी सुनिश्चित की गई और देश के अलग-अलग राज्यों से उनका पता लगाकर पाकिस्तान रवाना किया गया।निशिकांत दुबे पहलगाम आंतकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर इन दिनों हमलावर है। बीते दिनों उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने कश्मीर का हमारा जो हिस्सा लिया है, उसे तो हम वापस लेंगे ही, इसके अलावा पाकिस्तान को खंडित कर बलूचिस्तान, पख्तूनिस्तान और पंजाब नामक अलग-अलग देश बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह कर दिखाएंगे। यह बात मैं पूरे दावे के साथ कह रहा हूं। अगर पाकिस्तान इस वर्ष के बाद कई खंडों में नहीं बंटा तो आप यह कहने को स्वतंत्र होंगे कि भारतीय जनता पार्टी वाले लोगों को झूठे आश्वासन देते हैं।

## भारत के एक्शन का असर, पाकिस्तान में दवा से लेकर खाद की भारी किल्लत; 3800 करोड़ से ज्यादा का कारोबार ठप

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नृशंस आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया है। इस हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 निर्दोष सैलानियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसमें सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ माना जा रहा है। भारत के इस फैसले से दोनों देशों के बीच होने वाला 3886.53 करोड़ रुपये का सीमा पार व्यापार तत्काल प्रभाव से रुक गया है।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) के एक अनुमान के मुताबिक, भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीधा व्यापार सीमित हो, लेकिन अप्रत्यक्ष तरीकों से हर साल भारत का लगभग 10 अरब डॉलर का सामान पाकिस्तान पहुंचता है। यह व्यापार मुख्य रूप से दुबई, सिंगापुर और कोलंबो जैसे तीसरे देशों के रास्ते होता है, जहां सामान के लेबल और दस्तावेज बदलकर उन्हें किसी और देश का बताकर पाकिस्तान भेजा जाता है।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर दिए बयान पर रॉबर्ट वाड्रा की सफाई, 'मैं भारत के साथ खड़ा हूं और हमेशा खड़ा रहूंगा'

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना पर अपने पुराने बयान को लेकर विवादों में आए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के साथ खड़ा हूं और हमेशा खड़ा रहूंगा।

सोमवार को उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि मैं ये शब्द पूरी ईमानदारी और सच्चाई के साथ लिख रहा हूं। इसलिए मैं चाहता हूं कि इसे उसी भावना से लिया जाए। वाड्रा ने कहा कि मैंने पहले जो कहा उसे उसके संपूर्ण संदर्भ में पूरी तरह से नहीं समझा गया है क्योंकि मेरे इरादों की गलत व्याख्या की गई है।

उन्होंने आगे लिखा, चलिए मैं मानता हूं कि उन्हें स्पष्ट करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं ईमानदारी, पारदर्शिता और सम्मान के साथ खुद को स्पष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैंने कुछ दिनों तक मौन रहने का विकल्प चुना है। लेकिन, इसे निष्क्रियता, उदासीनता या देशभक्ति की कमी के रूप में न समझा जाए। वास्तव में, यह मेरे देश के प्रति मेरे गहरे प्रेम, सत्य के प्रति मेरे अगाध सम्मान और ईमानदारी के प्रति मेरी प्रतिबद्धता के कारण ही है कि मैंने बोलने से पहले चिंतन करने के लिए समय निकाला है।

वाड्रा ने कहा, मैं इस बारे में स्पष्ट कर दूं कि मैं कहां खड़ा हूं और हमेशा से कहां खड़ा रहा हूं, मैं उस भयानक आतंकवादी हमले की पूरी तरह निंदा करता हूं जिसमें निर्दोष लोगों की जान गई और परिवार बिखर गए। मैं हमेशा भारत के साथ खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा। उन्होंने आगे लिखा कि कोई भी औचित्य नहीं है- राजनीतिक, धार्मिक या वैचारिक- जो कभी भी असहाय लोगों के खिलाफ हिंसा के इस्तेमाल को माफ कर सके।



वाड्रा ने अंत में महात्मा गांधी के अहिंसक मंत्र की याद दिलाई। आगे लिखा, मेरा मानना है कि किसी भी रूप में आतंक, न केवल व्यक्तियों पर बल्कि मानवता की आत्मा पर हमला है। यह हर इंसान के बिना डरे जीने के मूल अधिकार को खत्म कर देता है। कोई भी कारण इतना उचित नहीं है कि निर्दोष लोगों के खून बहाने को सही ठहराया जा सके। मैं हम सभी से यह याद रखने का आह्वान करता हूं कि गांधी जी ने हमें क्या सिखाया, अहिंसा निष्क्रिय नहीं है। यह सबसे साहसी विकल्प है जो हम चुन सकते हैं।बता दें कि वाड्रा ने पहलगाम घटना पर कहा था कि देश के मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं और यह घटना पीएम मोदी के लिए एक संदेश है।

# रेड ड्रेस में कहर ढा रहीं भोजपुरी स्टार आकांक्षा पुरी, सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें



भोजपुरी सिनेमा की ग्लैमरस एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने एक बार फिर अपने स्टाइल से फैंस का दिल जीत लिया है. उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बोल्ड और स्टनिंग फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह रेड कलर के खूबसूरत आउटफिट में नजर आ रही हैं. इस ऑफ-शोल्डर रेड क्रॉप टॉप और मैचिंग स्कर्ट लुक में आकांक्षा बेहद दिलकश लग रही हैं. हेवी ईयररिंग्स, गोल्डन एक्सेसरीज़ और ओपन हेयर स्टाइल ने उनके लुक को और भी शाइनी बना दिया है. कैप्शन में आकांक्षा ने लिखा, रात का स्वामित्व और साथ में शैली, पहनावा, आकांक्षापुरी जैसे कई हैशटैग इस्तेमाल किए.उनकी इन तस्वीरों को अब तक 40 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. कई सेलेब्स और फैंस ने कमेंट करते हुए फायर और दिल के इमोजी से उनके लुक की तारीफ की है. राखी सावंत ने भी कमेंट किया, फायर, जो इस लुक की तारीफ का साफ सबूत है.गौरतलब है कि आकांक्षा पुरी न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपने फैशन सेंस को लेकर भी चर्चा में रहती हैं. वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और फैंस के साथ लगातार जुड़े रहने का हुनर रखती हैं. उनका यह लेटेस्ट लुक यह साबित करता है कि वह हर इवेंट को अपने स्टाइल से 'अपना' करना जानती हैं.

## करीना कपूर ने किया अपनी नई फिल्म दायरा का ऐलान, पृथ्वीराज सुकुमारन होंगे जोड़ीदार

अभिनेत्री करीना कपूर को पिछली बार फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। हमेशा की तरह फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।



प्रशंसक कुछ समय से करीना की नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

दरअसल, करीना ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके नाम दायरा रखा गया है।

दायरा में करीना की जोड़ी अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।फिल्म के निर्देशन की कमान मेघना गुलजार ने संभाली है, जिन्हें राजी और सैम बहादुर के लिए जाना जाता है।

करीना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह सुकुमारन और मेघना के साथ दिख रही हैं।

# मोहित सूरी ने किया अपनी नई फिल्म सैयारा का ऐलान, अहान पांडे और अनीत पड्डा को करेंगे लॉन्च



यशराज फिल्म्स के बैनर तले कई सालों तक काम करने के बाद, एक्ट्रेस अनन्या पांडे के कजिन ब्रदर अहान पांडे बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं. अहान आदित्य चोपड़ा द्वारा प्रेजेंट और मोहित सूरी निर्देशित रोमांटिक ड्रामा सैयारा के साथ अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करेंगे.

फिल्म में अहान के साथ अनीत पड्डा रोमांस करती नजर आएंगीं. वे इसेस पहले काजोल और आमिर खान के साथ सलाम वेंकी में नजर आ चुकी हैं.

बता दे कि अहान पांडे की अपकमिंग डेब्यू फिल्म सैयारा के साथ आदित्य चोपड़ा और मोहित सूरी पहली बार कोलैबोरेट कर रहे हैं. मोहित इससे पहले आशिकी 2, एक विलेन, मलंग, मर्डर 2 और आवारापन जैसी सफल रोमांटिक थ्रिलर का निर्देशन कर चुके हैं. वहीं वाईआरएफ ने एक पोस्ट भी शेयर की है और फिल्म को एक इंटेंल लव स्टोरी बताया हुए अहान पांडे के डेब्यू की अनाउंसमेंट की है. साथ ही सैयारा की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है. पोस्ट में लिखा है, उनकी लव स्टोरी किसी और जैसी नहीं हैज्अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर सैयारा, 18 जुलाई, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी! प्रेजेंटेड बाय आदित्य चोपड़ा, डायरेक्टर मोहित सूरी, निर्माता अक्षय विधानी.

वहीं अहान पांडे की डेब्यू फिल्म अनाउंस होने पर उनकी कजिन बहन और एक्ट्रेस अनन्या पांडे खुशी से फूली नहीं समा रही हैं. अनन्या पांडे ने इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट कर अपने चचेरे भाई अहान पांडे को उनके डेब्यू के लिए शुभकामनाएं दीं हैं. अनन्या ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, फिल्मों में आपका स्वागत है मेरे भाई अहान पांडे.

अहान चंकी पांडे के छोटे भाई चिक्की अलोक पांडे के बेटे हैं. अहान की बहन एक फेमस सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर और द ट्राइब रियलिटी शो, अलाना पांडे हैं, इससे पहले, उन्हें अजय देवगन के साथ एक शानदार फिल्म में डेब्यू करने के लिए प्रोडक्शन हाउस द्वारा चुना गया था। हालाँकि, शिव रवैल का प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया. हालांकि अब अहान सैयारा से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे.

## इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो के कारोबार में मामूली सुधार, फुले 2 दिन में 1 करोड़ भी नहीं कमा पाई




अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इमरान को फिल्मों में ज्यादातर इश्क फरमाते ही देखा गया है, लेकिन इस बार उन्होंने अपनी छवि से इतर किरदार पर्दे पर साकार किया और उनके इस अवतार को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी हरी झंडी मिली।अब उनकी इस फिल्म के दूसरे दिन की कमाई के आंकडे सामने आ चुके हैं।आइए जानें ग्राउंड जीरो के साथ बाकी फिल्मों का बॉकस ऑफिस पर हाल।सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने पहले दिन 1.15 करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरे दिन इसने 1.90 करोड़ रुपये कमाए। 2 दिन में इसने महज 3.05 करोड़ रुपये कमाए हैं, जबकि फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये है।फिल्म का कश्मीर में प्रीमियर भी किया गया था और इसकी तारीफ भी हुई, लेकिन तारीफ आंकड़ों में तब्दील होती नहीं दिख रही है।पाकिस्तान और कश्मीर का एंगल होने के बावजूद फिल्म को सिनेमाघरों में दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं।ग्राउंड जीरो के निर्देशक तेजस प्रभा विजय देओस्कर हैं। फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।यह ब्क्स्न अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने साल 2003 में उस ऑपरेशन का नेतृत्व किया था, जिसमें आतंकवादी राणा ताहिर नदीम मारा गया था, जिसे गाजी बाबा के नाम से जाना जाता है।सई ताम्हणकर और जोया हुसैन ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है।

ज्योताबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर बनी अनंत महादेवन की फुले पर खूब विवाद भी हुआ। कहानी और कॉन्सेप्ट को भी फिल्म समीक्षकों ने सराहा, लेकिन इसका भी हाल-बेहाल है।

फुले ने जहां पहले दिन मात्र 15 लाख रुपये कमाए, वहीं दूसरे दिन 26 लाख कमाए। 2 दिन में यह देशभर में सिर्फ 41 लाख रुपये कमा सकी है।

30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा ने मुख्य भूमिका निभाई है।

अक्षय कुमार की फिल्म केसरी 2 ने शनिवार को एक अच्छी बढ़त हासिल की। बॉक्स ऑफिस से इसने 7 करोड़ रुपये बटोरे। रिलीज के 8वें दिन इसने 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया था। हालांकि, दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

### केसरी वीर का नया मोशन पोस्टर हुआ जारी, योद्धा के रुप में नजर आए सूरज पंचोली


फिल्म केसरी वीर के निर्माताओं ने फिल्म का नया मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता सूरज पंचोली को दिखाया गया है। पोस्टर पर लिखा है हमीरजी गोहिल के रूप में सूरज पंचोली। सूरज पंचोली ने हाथ में त्रिशूल पकड़ा हुआ है और उनके शरीर पर लोहे की जंजीरें हैं। उनके शरीर में कहीं आग लगी है, तो कहीं से खून बह रहा है। पोस्टर में सूरज पंचोली काफी जोशीले अंदाज में नजर आ रहे हैं।

आपको बता दें कि फिल्म केसरी वीर में सूरज पंचोली कई दूसरे कलाकारों के साथ सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। सूरज पंचोली फिल्म में हमीरजी गोहिल का किरदार निभा रहे हैं। वह 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए जंग लड़े थे। फिल्म में सूरज पंचोली के अलावा सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय होंगे।मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर सूरज पंचोली ने लिखा वीर हमीरजी गोहिल, रक्षक और गुमनाम योद्धा। सोमनाथ का रक्षक।

### फिल्म किष्किंदापुरी से बेल्लमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

एक्शन-हल्क, बेलमकोंडा साई श्रीनिवास अलग-अलग स्क्रिप्ट और दिलचस्प फ़िल्में चुन रहे हैं। अभिनेता ने कौशिक पेगलापति के निर्देशन में बड़ी एक्शन थ्रिलर का हिस्सा बनने का फैसला किया है। हाई बजट थ्रिलर का निर्माण साहू गरपति ने किया है।इस रोमांचक फिल्म ने एक क्रिएटिव अनाउंसमेंट पोस्टर के साथ सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और अब, निर्माताओं ने इसका शीर्षक और फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। फिल्म का नाम किष्किंदापुरी है। इस फर्स्ट लुक पोस्टर में बेल्लमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन रात के समय सेंस फॉरेस्ट में खोज करते हुए नज़र आ रहे हैं।

# मानुषी छिल्लर ने बताया कैसे मिलता है उन्हें सुकून




अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि उन्हें सुकून कैसे मिलता है और सुकून पाने के लिए वह क्या-क्या करती हैं। पूर्व मिस वर्ल्ड ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर उन चीजों की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जो उन्हें खुशी और शांति देती हैं।

पहली तस्वीर में वह अपने पालतू पेट्स के साथ खेलती हुई दिखाई दे रही हैं। दूसरी में मानुषी साइकिल पर पोज देती हुई दिखीं। पोस्ट में छिल्लर अपनी स्वादिष्ट ब्राउनी खाती नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने एक पेपर भी दिखाया, जिस पर उनका नाम मानुषी लिखा हुआ है। मानुषी ने पेंट ब्रश के साथ कुछ पुरानी वाटर पेंटिंग पोस्ट की। उन्होंने बताया कि ये पुराने पेंट और ब्रश उनके बचपन के हैं और उनकी दादी ने उन्हें अच्छी तरह से संभाल कर रखा है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट को शेयर करते हुए मानुषी ने कैप्शन में लिखा, सुकून... पेंट और ब्रश का मेरा पुराना डिब्बा देखने के लिए अंत तक स्वाइप करें, जिसे मेरी दादी ने अभी भी संभाल कर रखा है। उनके प्यार को छोड़कर सब कुछ सूख गया है, जो बचपन को अपने दिल के करीब रखती है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो मानुषी की बहुप्रतीक्षित ड्रामा, 'मालिक' रिलीज को तैयार है। वह अपकमिंग फिल्म में राजकुमार राव के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। एक्शन-थ्रिलर फिल्म में राजकुमार राव पहली बार गैंगस्टर के किरदार में नजर आएंगे। गैंगस्टर ड्रामा का निर्देशन पुलकित ने किया है। कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स और जय शेवक्रमणी नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया है।

मालिक के अलावा मानुषी के पास 'तेहरान' भी है, जिसमें उनके साथ अभिनेता जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में हैं। अरुण गोपालन के निर्देशन में बनी 'तेहरान' की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।

# गर्मियों के दौरान फूल वाले पौधों का इस तरह से रखें ध्यान, रहेंगे स्वस्थ



गर्मियों में बढ़ती गर्मी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। इनमें से एक है फूलों वाले पौधों का मुरझाना।

अगर आप अपने बगीचे में फूलों वाले पौधे लगाते हैं तो आपको उनकी देखभाल के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसा न करने पर फूलों वाले पौधे मुरझा सकते हैं।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देते हैं, जिनसे आप गर्मियों के दौरान अपने फूलों वाले पौधों का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं।

### पौधों में छाया की व्यवस्था करें

गर्मियों में सूरज की रोशनी काफी तेज होती है, जो कई बार फूलों वाले पौधों के लिए हानिकारक हो सकती है। इससे बचाने के लिए अपने फूलों वाले पौधों को ऐसी जगह पर रखें, जहां उन्हें सुबह की हल्की धूप और दोपहर की तेज धूप से बचाव मिल सके।

आप चाहें तो पौधों को किसी पेड़ के नीचे या फिर छत पर कपड़े या छांव देने वाले तिरपाल से ढक सकते हैं।

### पौधों को पर्याप्त पानी देना है जरूरी

गर्मियों में फूलों वाले पौधों को पर्याप्त पानी देना बहुत जरूरी है।

हालांकि, ध्यान रखें कि अधिक पानी से भी फूलों वाले पौधों को नुकसान पहुंच सकता है। इससे जड़ें खराब हो सकती हैं। इसलिए इन्हें बस तभी पानी दें जब इनमें मिट्टी सूखी लगे।

इसके अलावा पौधों को सुबह के समय पानी दें क्योंकि इस समय मिट्टी ठंडी रहती है, जिससे पौधों पर पानी का नकारात्मक असर नहीं पड़ता।

### खाद का करें उपयोग

फूलों वाले पौधों को सही पोषण देने के लिए उन्हें समय-समय पर खाद दें।

इसके लिए आप प्राकृतिक खाद का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और पौधे स्वस्थ रहेंगे।आप चाहें तो अपने फूलों वाले पौधों को पोषण देने के लिए गोबर की खाद या फिर हरी खाद का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह खाद पौधों को जरूरी तत्व प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें कीटों से सुरक्षित रखने में भी मदद कर सकती है।

### नियमित रूप से छंटाई करें

फूलों वाले पौधों की नियमित छंटाई करना जरूरी है क्योंकि इससे पौधों का विकास ठीक रहता है।

इसके अलावा इससे नए पत्ते और फूल आने की संभावना बढ़ जाती है। छंटाई करने के लिए सबसे पहले सूखे और मुरझाए पत्तों और फूलों को काट दें।

इसके बाद पौधों की लंबी शाखाओं को भी काटें ताकि नए पत्ते और फूल अच्छे से आ सकें। इस प्रक्रिया से पौधे को ताजा और स्वस्थ रखने में मदद मिलती है।

### कीटों की जांच करें

फूलों वाले पौधों पर कीड़े लगना एक आम समस्या है, खासकर गर्मियों के दौरान।

कीड़े पौधों को कमजोर कर सकते हैं और उनकी वृद्धि को रोक सकते हैं। इसलिए समय-समय पर अपने पौधों की जांच करते रहें। अगर आपको किसी पौधे पर कीड़े दिखाई दें तो साबुन के पानी का छिड़काव करें। इससे कीड़े मर जाएंगे और पौधा सुरक्षित रहेगा। इस तरह आप अपने फूलों वाले पौधों को स्वस्थ रख सकते हैं।

# खराब होने के बाद भी क्यों नहीं लगते हैं केले में कीड़े, पढ़ें इसको खाने के सही तरीके



केला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. केला ना केवल खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व होते हैं. रोजाना केला खाने से शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है.

### केले की वैरायटी

दुनियाभर में केले की करीब 1000 से ज्यादा वैरायटी पाई जाती है. भारत में केले की करीब 33 किस्में उगाई जाती है. इसमें कई केले की किस्में बेहद स्वादिष्ट होती है. 12 किस्में अपने अलग-अलग साइज और कलर के लिए फेमस है.

### केले में क्यों नहीं लगते कीड़े

हर किसी ने देखा ही होगा कि केले में कीड़े नहीं लगते हैं. इसका कारण यह के केले के फल में साइनाइड नाम का केमिकल पाया जाता है. इस कारण इस फल में कीड़े नहीं लग सकते हैं. इसके अलावा केले में भारी मात्रा में विटामिन बी 6, विटामिन सी, पोटेशियम आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं. यह शरीर को फिट और चुस्त और हेल्दी रखने में मदद करता है.

### केले खाने के फायदे

दिल के लिए फायदेमंद

केले में मौजूद पोटैशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे दिल के रोगों का खतरा कम होता है.

### वजन कंट्रोल

केले में फाइबर होता है. जिससे की लंबे टाइम तक पेट भरा हुआ महसूस होता है. जिससे की आपको ज्यादा भूख नहीं लगती हैं और वजन भी कंट्रोल रहता है.

### स्किन के लिए

केले में विटामिन सी होता है जो कि स्किन के लिए फायदेमंद होता है और उसको स्वस्थ रखने में भी मदद करता है.

### डाइजेशन के लिए

केले में फाइबर होता है जो कि डाइजेशन के लिए बेस्ट होता है और उसे हेल्दी रखने में मदद करता है और कब्ज की दिक्कत से भी बचाता है.

### मांसपेशियों के लिए

केले में पोटैशियम और मैग्निशियम होते हैं जो कि मांसपेशियों के लिए फायदेमंद होता है.

### मूड को ठीक

केले में विटामिन बी6 होता है जो कि मेंटल हेल्थ में सुधार लाता है और मूड को ठीक रखने में मदद करता है.

## भारत से तनाव के बीच चीन के पैरों में गिरा पाकिस्तान, मांग रहा 10 अरब युआन का कर्ज

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में आए भारी तनाव के बीच, पाकिस्तान एक बार फिर आर्थिक मदद के लिए अपने करीबी दोस्त चीन की ओर देख रहा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने चीन से 10 अरब युआन (लगभग 1.4 अरब डॉलर) का अतिरिक्त कर्ज मांगा है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट में पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान ने चीन से अपनी मौजूदा 'स्वैप लाइन' (दो देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच मुद्रा अदला-बदली का समझौता) को 10 अरब युआन तक बढ़ाने का अनुरोध किया है। वित्त मंत्री औरंगजेब ने अमेरिका के वाशिंगटन में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक की बैठकों के दौरान रॉयटर्स को दिए एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के पास पहले से ही चीन के साथ 30 अरब युआन की स्वैप लाइन है। पाकिस्तान ने उम्मीद जताई है कि वह इस साल के अंत से पहले 'पांडा बॉन्ड' (चीन के घरेलू बाजार में गैर-चीनी संस्थाओं द्वारा जारी किए गए बॉन्ड) भी लॉन्च करेगा।

यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने चीन से अतिरिक्त वित्तीय सहायता मांगी है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में भी पाकिस्तान ने चीन से 10 अरब युआन के अतिरिक्त कर्ज का अनुरोध किया था। नकदी की भारी किल्लत का सामना कर रहा पाकिस्तान पहले ही चीन से मिली 30 अरब युआन (करीब 4.3 अरब डॉलर) की मौजूदा व्यापार सुविधा का उपयोग कर चुका है।पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा उठाए गए कड़े कदमों और दोनों देशों के बीच बढ़ी तनातनी के माहौल में पाकिस्तान की यह कर्ज मांग उसकी कमजोर आर्थिक स्थिति और मित्र देशों पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है।

## सिंधु नहर प्रोजेक्ट : एक बार फिर पीपीपी ने दी शरीफ सरकार से बाहर निकलने की धमकी

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने कहा कि अगर कॉमन इंटरेस्ट्स काउंसिल (सीसीआई) की आगामी बैठक में सिंधु नहर संबंधी मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो वह संघीय सरकार से बाहर निकल जाएगी और अपना समर्थन वापस ले लेगी।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिए 2 मई को सीसीआई की बैठक बुलाई गई थी।बता दें सिंधु नदी पर नहरों के निर्माण का भारी विरोध हो रहा है विशेष तौर पर सिंध प्रांत ने जहां प्रदर्शनों का सिलसिला रुक नहीं रहा है।पीपीपी नेता और सिंध के ऊर्जा मंत्री नासिर शाह ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, अगर सीसीआई की बैठक में नहरों का मुद्दा नहीं सुलझा तो पीपीपी सरकार से अलग हो जाएगी।

नासिर शाह के नेतृत्व में पीपीपी प्रतिनिधिमंडल ने सरकार में अपने गठबंधन सहयोगी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के साथ बैठक की। उन्होंने एमक्यूएम नेताओं से अनुरोध किया कि वे रिक्त सीट के लिए आगामी सीनेट उपचुनाव से अपना उम्मीदवार वापस ले लें।

एमक्यूएम-पी के साथ बैठक के बाद शाह ने कहा कि नहर मुद्दे ने पूरे प्रांत के लोगों को एकजुट कर दिया है, क्योंकि यह सिंध के लिए काफी अहम है।शाह ने कहा, हम जानते हैं कि अगर पीपीपी सरकार से बाहर निकलती है, तो वह चल नहीं सकती है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि सरकार नहर मुद्दे पर अपना वादा पूरा करेगी। पाकिस्तानी सरकार ने ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव के तहत 3.3 अरब डॉलर की लागत से छह नहरों का निर्माण करने की योजना बनाई है, जिससे दक्षिण पंजाब में 12 लाख एकड़ कथित बंजर भूमि को सिंचित किया जाएगा। हालांकि, सिंध प्रांत ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है।

# पहलगाम हमले के बाद पाक में उतरे कई हरक्यूलिस विमान, चीन के बाद कौन कर रहा सैन्य मदद?



इस्लामाबाद, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच गहराए तनाव के बीच, पाकिस्तान को अपने करीबी सहयोगी देशों तुर्की और चीन से सैन्य मदद मिलती दिख रही है। सीमा पर लगातार चौथी रात पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी और भारतीय जवानों द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब के बीच, तुर्की के सैन्य विमानों का पाकिस्तान पहुंचना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, रविवार, 27 अप्रैल को तुर्की वायु सेना के C-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान कराची में उतरा, जिसमें युद्ध सामग्री लदी थी। इसके बाद, छह और तुर्की C-130 विमान इस्लामाबाद के एक सैन्य अड्डे पर पहुंचे। पाकिस्तान इसे भारत से तनाव के बीच अपने लिए एक अहम सैन्य सहायता मान रहा है। हालांकि, इन विमानों में लाई गई सैन्य सामग्री की पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।तुर्की से सैन्य मदद ऐसे समय में आई है जब हाल ही में चीन द्वारा भी पाकिस्तान को घातक हथियार दिए जाने की खबरें हैं। बताया जा रहा है कि चीन ने पाकिस्तान को ड्रोन जैसे रक्षा उपकरण भेजे हैं। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) को चीन से अत्याधुनिक PL-15 बहुत लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइलों की त्वरित डिलीवरी मिली है। पीएएफ ने अपने नए JF-17 ब्लॉक III लड़ाकू विमानों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें ये मिसाइलें लगी दिख रही हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तुर्की, पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ता यह सैन्य सहयोग दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। यदि ये रिपोर्ट्स सही हैं कि चीन से पाकिस्तान को हथियारों की आपातकालीन आपूर्ति हो रही है, तो यह दर्शाता है कि बीजिंग भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के इस नाजुक मोड़ पर इस्लामाबाद का साथ दे रहा है। यह स्थिति क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चिंताजनक मानी जा रही है और इस पर भारत तथा अन्य देशों की कड़ी नजर है।

## सऊदी अरब ने पाक को फिर दिखाई 'औकात', हज पर भी नहीं जा पाएंगे ये 67000 पाकिस्तानी

इस्लामाबाद,(आरएनएस)। पहलगाम हमले के बाद भारत के संभावित जवाब के डर से कांप रहे पाकिस्तान के लिए अब सऊदी अरब से भी एक बुरी खबर आई है। हज यात्रा 2025 शुरू होने से पहले सऊदी सरकार ने एक ऐसा कदम उठाया है जिससे 67 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी निजी हज यात्री इस साल हज के लिए नहीं जा पाएंगे। इसे पाकिस्तान के लिए एक और बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर तब जब पाकिस्तान 29 अप्रैल को हज के लिए अपनी पहली उड़ान रवाना करने वाला है।रिपोर्टों के अनुसार, इस साल निजी हज कार्यक्रम के तहत कुल 90,830 पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों को हज यात्रा करनी थी, लेकिन सऊदी सरकार द्वारा संख्या सीमित किए जाने के कारण अब सिर्फ 23,620 पाकिस्तानी ही निजी तौर पर हज के लिए जा सकेंगे। धार्मिक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, इसका मतलब है कि इस साल निजी श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले हर चार में से तीन पाकिस्तानी तीर्थयात्री हज के पवित्र अवसर से वंचित रह जाएंगे। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान 29 अप्रैल को इस्लामाबाद से सऊदी अरब के लिए पहली हज उड़ान रवाना करने की तैयारी कर रहा है, जो पाकिस्तान के हज संचालन 2025 की शुरुआत का प्रतीक होगी। सऊदी अरब के इस कदम से 67,210 पाकिस्तानी निजी हज यात्रियों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं।



## यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत

सना, (आरएनएस)। यमन की हूती-नियंत्रित राजधानी सना पर हाल में हुए अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत हो गई। हूती-संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एक बयान में यह जानकारी साझा की।

अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। उत्तरी सना के बानी अल-हरिथ जिले में अमेरिकी लड़ाकू विमानों की बमबारी में तीन घरों के मलबों में दबे लोगों की तलाश बचाव दल द्वारा की जा रही है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने बताया कि रविवार को पूरे उत्तरी यमन में राजधानी सहित कई स्थानों पर लगभग 20 अमेरिकी हवाई हमले किए गए।

दावा किया गया कि इस हवाई हमले में दक्षिणी और उत्तरी सना में दो घरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें कथित तौर पर दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए थे।

# अब्बास बंदरगाह पर हुआ भीषण धमाका, क्या इसमें मोसाद का हाथ



तेहरान (ए)। ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर हुआ भीषण धमाका मिडल ईस्ट में फिर तनाव को बढ़ा सकता है। विस्फोट में 40 लोगों की जान चली गई और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हो गए। क्या यह सिर्फ एक दुर्घटना थी, या इसके पीछे किसी साजिश का हाथ था? कुछ जानकारों का कहना है कि धमाके में मिसाइल ईंधन बनाने वाले रसायन की बड़ी खेप शामिल थी, इस इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद से जोड़ा जा रहा है।ईरानी मीडिया ने धमाके के लिए खतरनाक रसायनों के कंटेनरों को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन इन रसायनों का नाम नहीं बताया गया। हालांकि, एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोडियम परक्लोरेट हो सकता है, जो मिसाइलों के लिए ठोस ईंधन बनाने में इस्तेमाल होता है। धमाके के बाद, सोशल मीडिया पर यह चर्चा हो रही है कि मोसाद का इसमें हाथ हो सकता है। हालांकि, ईरान ने इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने धमाके की जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि, ईरान के अधिकारियों ने सैन्य सामग्री से जोड़ने से इंकार किया है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, फरवरी और मार्च में बंदरगाह पर मिसाइल ईंधन के लिए रसायन की बड़ी खेप आई थी, जिससे ये आशंका और गहरी हो गई है कि यह हमला किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। इस बीच, इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हवाई हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## पाकिस्तान की अब खैर नहीं, भारत ने फ्रांस के साथ की 26 राफेल मरीन की डील

इस्लामाबाद (ए)। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। भारत ने आज फ्रांस के साथ भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-एम (मरीन) लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए लगभग 63,000 करोड़ रुपये के मेगा सौदे पर हस्ताक्षर किए। इस सौदे को पाकिस्तान के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। यह डील ऐसे समय में हुई है जब पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी और भारत ने इसके लिए सीधे तौर पर पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। भारत सरकार पहले ही पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठा चुकी है, जिसमें अटारी सीमा पर व्यापार बंद करना भी शामिल है।

# खेल समाचार

# आईपीएल में आज होगा केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला




### शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच

नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपना स्थान पक्का करना चाहेगी। दिल्ली के अभी 12 अंक है ओर वह अंकतालिका में चौथे नंबर पर है, वहीं केकेआर की टीम 7 अंक के साथ ही सातवें नंबर पर है। इस प्रकार देखा जाये तो इस मैच में दिल्ली जीत की प्रबल दावेदार है। दिल्ली की टीम इस मैच में एक बार फिर जीत हासिल कर पिछले चार मैच में से दो में मिली हार से उबरना चाहेगी। दिल्ली की टीम की बल्लेबाजी अच्छी है। उसके पास केएल राहुल जैसा अनुभवी बल्लेबाज है। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल भी बल्लेबाजी कर रहे हैं। राहुल इस सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं हालांकि पिछले मैच में वह स्पिनरों के खिलाफ विफल रहेहे। ऐसे में उन्हें इस मैच में केकेआर के सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी से सतर्क रहना होगा। दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी की कमान कप्तान अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क संभालेंगे। बीच के ओवरों में कुलदीप यादव पर बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी रहेगी। दिल्ली को अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। आरसीबी के खिलाफ उसने कई अवसर छोड़े थे।वहीं दूसरी ओर केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है। टीम अपने पिछले तीन मैच में जीत दर्ज करने में विफल रही है, जिसमें दो में उन्हें हार मिली और एक मैच का परिणाम नहीं निकला। केकेआर को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा। आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में उतरी केकेआर की राह आसान नहीं रही है। उसकी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ,सुनील नरेन और रहमानुल्लाह गुरबाज व अंगकृष रघुवंशी पर आधारित रही है। मध्यक्रम में वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह अब तक विफल रहे हैं। टीम की गेंदबाजी वरुण के अलावा नरेन व वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा संभालेंगे।

## विराट ने राहुल के ही अंदाज में जश्न मनाया

नई दिल्ली (ए)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के बाद उसी अंदाज में जश्न मनाया जिस प्रकार से राहुल ने एक सप्ताह पहले आरसीबी के खिलाफ जीत के बाद मनाया था। आरसीबी ने अब दिल्ली के खिलाफ मैच 7 विकेट से जीता है। इस मैच में आरसीबी की टीम एक समय मुश्किल में थी पर इसके बाद कोहली ने क्रुणाल पंड्या के साथ साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। विराट ने जीत के करीब पहुंचकर छक्का लगाने का प्रयास किया पर वह कैच हो गये। मैच समाप्त होने के बाद जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी आपस में बात कर रहे थे। तब विराट बड़े प्यार से राहुल के पास गए और उन्होंने राहुल के ही अंदाज में जश्न मनाया। विराट ने इसके बाद राहुल को गले लगा लिया। कोहली जश्न के दौरान मुस्कुराते दिखे, राहल भी तब हंस रहे थे।



## भुवनेश्वर कुमार ने रचा इतिहास, आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बने दूसरे गेंदबाज

दिल्ली, (ए)। आईपीएल 2025 का 46वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में आरसीबी के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने इतिहास रच दिया है. वो आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट ने लेने वाले पहले तेज गेंदबाज भी हैं।

इस मैच में भुवनेश्वर कुमार ने गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है. भुवी ने इस मैच में 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही भुवी ने यह खास उपलब्धि हासिल कर ली है. उन्होंने भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल किया है जिनके नाम भुवी से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज का खिताब दर्ज था।

अब भुवनेश्वर कुमार 185 मैचों में 193 विकेट लेकर आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज भी हैं. उनसे आगे सिर्फ युजवेंद्र चहल हैं जिन्होंने 169 मैचों में 214 विकेट हासिल किए हैं. अब तीसरे स्थान पर पीयूष चावला मौजूद हैं जिनके नाम 192 मैचों में 192 विकेट मौजूद हैं।

इस मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए. दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 39 बॉल में 3 चौकों की मदद से 41 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 34 रनों की पारी खेली. फाफ डु प्लेसिस ने 22 और अभिषेक पोरेल ने 28 रनों का योगदान दिया. आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 3 और जोश हेजलवुड ने 2 विकेट चटकाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक आरसीबी 7 ओवर में 3 विकेट खोकर 45 रन बना चुकी है।

## मुंबई इंडियंस ने लखनऊ को हराकर दूसरे स्थान पर मारी छलांग, सूर्या और बुमराह ने मचाया धमाल

### जैक्स रहे मैच के हीरो

मुंबई, (ए)। आईपीएल 2025 का 45वां मैच में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला गया जहां मुंबई ने लखनऊ को 54 रनों से हरा दिया है. इस जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस की टीम प्वाइंट्स टेबल में 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. मुंबई को 10 में से 6 मैचों में जीत मिली है जबकि उसे 4 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. लखनऊ की बात करे तो इस हार के साथ लखनऊ की टीम 10 मैचों में 5 जीत और 5 हार के साथ 10 प्वाइंट्स लेकर 6वें स्थान पर हैं.



इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया. इसके साथ ही उन्होंने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया. मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 215 रन बनाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 20 ओवर में 161 रनों पर ढेर हो गई और 54 रनों से मैच हार गई.मुंबई से जीत के लिए 216 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ के बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया. टीम के लिए मिशेल मार्श (34), निकोलस पूरन (27) और आयुष बदोनी (35) रन बना पाए. जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए जबकि ट्रेंट बोल्ट ने 3 और विल जैक्स ने दो विकेट हासिल किए.

# आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करना पड़ा भारी, ऋषभ पंत पर लगा 24 लाख का जुर्माना



मुंबई, , (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 45वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस से 54 रनों से हार का सामना करना पड़ा. जिसके बाद वो अंक तालिका में छठे नंबर पर लुढ़क गई।

जहां इस हार से लखनऊ को अंक तालिका में एक पायदान का नुकसान हुआ है वहीं कप्तान ऋषभ पंत सहित पुरी टीम पर धीमी ओवर गति की वजह से दूसरा बड़ा झटका लगा है. चूंकि यह एलएसजी का इस सीजन का ये दूसरा अपराध था, इसलिए पंत पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है।

आईपीएल ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि इस मैच के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स की प्लेइंग इलेवन के अन्य सदस्यों, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, पर छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा।

मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने जसप्रीत बुमराह (4-22) और ट्रेंट बोल्ट (3-20) की शानदार गेंदबाजी और रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव ने आक्रामक अर्धशतक जड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

लखनऊ के लिए यह हार बहुत मुश्किल थी, क्योंकि इससे वे 2025 के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में पिछड़ गए. दोनों टीमें 10 अंकों के साथ खेल में उतरीं, लेकिन मुंबई इंडियंस तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

मुंबई इंडियंस ने आखिरी बार लगातार पांच मैच 2020 में जीते थे, जब वे खिताब जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार थे. मुंबई में एक ड्रीम सीजन की शुरुआत हो चुकी है, क्योंकि उन्होंने अपने शुरुआती पांच मैचों में केवल एक जीत के साथ सीजन की शुरुआत की और उसके बाद से शानदार वापसी की है।

## आरसीबी ने दिल्ली को हराकर टॉप पर किया कब्जा, क्रुणाल पांड्या बने प्लेयर ऑफ द मैच

नई दिल्ली, (ए)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के 46वें मैच दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराकर प्वाइंट्स टेबल में 14 अंकों के साथ नंबर एक पर कब्जा कर लिया है. इसके साथ ही आरसीबी ने प्लेऑफ में भी अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है. वहीं इस हार के साथ दिल्ली 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

इस मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए. दिल्ली से जीत के लिए मिले 163 रनों के लक्ष्य को 18.3 ओवर में 9 बॉल बाकी रहते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाकर हासिल कर लिया और 6 विकेट से मैच जीत लिया. आरसीबी की जीत के हीरो करुणाल पांड्या रहे।

आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने 47 बॉल में 4 चौकों की मदद से 51 रनों की पारी खेली. तो वहीं करुणाल पांड्या ने 47 बॉल में 5 चौके और 4 छक्कों के साथ नाबाद 73 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी. उन्होंने बल्ले के अलावा गेंद के साथ भी एक 1 विकेट हासिल किया जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. डीसी के लिए अक्षर पटेल ने 2 और दुष्मंता चमीरा ने 1 विकेट हासिल किया।

दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 39 बॉल में 3 चौकों की मदद से 41 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 34 रनों की पारी खेली. फाफ डु प्लेसिस ने 22 और अभिषेक पोरेल ने 28 रनों का योगदान दिया. आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 3 और जोश हेजलवुड ने 2 विकेट चटकाए।

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर शोभायात्रा आज

### समस्त सनातन धर्मावलम्बियों को किया आमंत्रित



नर्मदापुरम (निप्र)। भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समिति सर्व ब्राह्मण समाज के तत्त्वाधान में आज शाम 4 बजे स्थानीय सेठानी घाट से शोभायात्रा प्रारम्भ होगी जो खेड़ापति हनुमान मंदिर से होकर सेंट्रल बैंक सराफा चौक मौरछली चौक से इंदिरा चौक सतरास्ता एअमर चौक एन्यू जय स्तंभ चौक से होकर सुभाष चौक होते हुए स्थानीय सेठानी घाट पहुँचेगी जहां भगवान की दिव्य आरती पूजन प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। इसी क्रम में 30 अप्रैल को गोपाल मंदिर में सहस्त्रार्चन पूजन अभिषेक प्रसादी वितरण किया जावेगा।भगवान परशुराम के प्रकट दिवस समारोह में पंडित गिरजाशंकर शर्मा पण्डित दिनेश तिवारी पंडित धर्मेन्द्र तिवारी पण्डित विनोद दुबे, पण्डित विनोद रावत, पंडित रामकुमार गुबरेले पंडित अरुण दीक्षित पण्डित भालचन्द्र खड्डुर पंडित गोविंद दुवे पंडित केके शर्मा पंडित मुन्ना उपाध्याय डॉक्टर एल एल दुबे डॉक्टर गोपाल खड्डुर आचार्य नरेश परसाई आचार्य सोमेश परसाई आचार्य अविनाश मिश्रा आचार्य नीरजेश त्रिपाठी आचार्य अजय दुबे पण्डित अनिल मिश्रा पण्डित अखिलेश केश्वरे पण्डित सोमनाथ शर्मा आचार्य पुष्कर परसाई पण्डित तरुण तिवारी शशांक शुक्ला प्रफुल्ल तिवारी, बलराम शर्मा मुकेश दुबे रामगोपाल चौवे शशिकांत दुवे सुखदेव भार्गव अतुल तिवारी एके एन त्रिपाठी रविशंकर दुवे उदित द्विवेदी दयानंद पचौरी मनीष तिवारी समीर हर्णे राजू पांडे विनोद बुधौलिया राजकुमार तिवारी पंकज शुक्ला राजकुमार दुवे मनीष दुवे विनोद परसाई युवराज तिवारी जितेंद्र तिवारी सन्तोष उपाध्याय हेमन्त गोस्वामी अशोक दिवोलिया भूपेश थापक सुनील थापक विनोद मुदगल नीरज वरगले पुष्पेष पालीवाल श्रीमती सविता दीवान शर्मा मांडवी शर्मा सफलता तिवारी ममता शर्मा अर्चना पुरोहित वंदना शर्मा ममता मिश्रा आरती शर्मा सविता दुवे प्रेमा पांडे ऋचा तिवारी आशा दुवे ने समस्त सनातन धर्मावलम्बियों से शोभायात्रा शामिल होने का आह्वान किया है।

## दोपहर में चल रही लू, तेज तपन के साथ ही पारा बना हुआ है 42 के पास

नर्मदापुरम( निप्र)। वैशाख माह आधा बीत गया है। इसी के साथ ही गर्मी अपना तीखा असर बनाए हुए है। दोपहर के समय लू के थपेड़े लोगों को बेहाल कर रहे है। तेज तपन और लू के असर के चलते तापमान 42-43 के इर्द गिर्द बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 42.9 और न्यूनतम पारा 23.9 4पर दर्ज हुआ। रहा। वहीं इन दिनों पचमढी में भी न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास दर्ज हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी का असर इसी प्रकार तेजी को रहेगा। गर्म हवाएं चलती रहेंगी। अभी तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना बताई जा रही है।

## नेहरू पार्क शतरंज चैम्पियन के विजेता बने शिखर निवारिया

नर्मदापुरम( निप्र)। जिला शतरंज संघ नर्मदापुरम प्रति माह नेहरू पार्क मे शतरंज प्रतियोगिता आयोजित कराता है जिसमें जिले के सभी खिलाड़ी भाग लेते है 26 एवं 27 अप्रेल को एक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी महेश चौरे 83 वर्ष वही सबसे कम उम्र के खिलाड़ी पर्व कुरापा उम्र 7 वर्ष ने भाग लिया। प्रतियोगिता अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस सिस्टम से रैपिड 5 चक्रों मे आयोजित की गई इसके आर्बिटर अंकेश जोशी थे। प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार शिखर निवारिया उम्र 16 वर्ष द्वितीय पुरस्कार दीपक मेहरा इटारसी तृतीय पुरस्कार प्रदीप अहिरवार को अन्य टॉप टेन खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया वैभव मीना, नक्षत्र हेडॉ अदिति यादव, पार्थ यादव, पलाश मित्रा, महेश प्रसाद चौरे, समर्थ पटवा, प्रयत्न हेडॉ, अगनिज सिंह एस एल चौरे। भोपाल मे खेलों चेस इन्डिया टूर्नामेंट खेल कर आए खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया भूपेंद्र जाटव, आदित्य आर्यन शुक्ला,लक्ष्मी रन सूरमा अदिति यादव, शंकर लाल चौरे वैभव मीना शिखर निवारिया शास्वत तिवारी अमरीश तिवारी प्रदीप अहिरवार अथर्व मालवीय, पलाश मित्रा। प्रतियोगिताएं के पुरस्कार सुशील गोर की और से प्रदान किए गए दिनेश शर्मा, पी गोर डाक्टर एपी त्रिपाठी ,त्रिलोक यादव, बसंत दुबे अध्यक्ष, एस पी मेहरा सचिव योगेश तिवारी उपाध्यक्ष, बडकुर समारोह में उपस्थित थे संघ के सभी पदाधिकारियों ने बैठक ली और इस बार इटारसी मे ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर सहमती प्रदान की सम्भव है 1 मई के बाद प्रशिक्षण की रूप रेखा तय की जाएगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए : कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

### भू अर्जन के सभी प्रकरण ऑनलाइन रहे नरवाई जलाने वालों पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाए



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की इस अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि गत 30 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल जिलों में दिए गए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं आई है जो की चिंताजनक है। जल गंगा संवर्धन अभियान सरकार की प्राथमिकता वाला अभियान है और इस अभियान में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों पर प्रभावशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर श्री तिवारी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की तीनों जिले जल गंगा संवर्धन अभियान में जल दूत बनाने की कार्रवाई में शत प्रतिशत प्रगति लाए। दिए लक्ष्य से अधिक से अधिक जल दूत बनाएं और सभी जलदूतों का पंजीयन माय भारत ऐप पर करें। कमिश्नर ने कहा कि जल स्रोतों पर अतिक्रमण करने वालों को भी प्राथमिकता से चिन्हित किया जाए और अतिक्रमण को हटाकर पुन: जल संरचनाओं को जीवित किया जाए। उन्होंने अमृत सरोवरो को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहां की जिले में जारी जल गंगा संवर्धन अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करते हुए उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए साथ ही स्वयं सेवी संगठनों और आम जनता को भी जल गंगा संवर्धन अभियान से जोड़ा जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने भू अर्जन एवं वन व्यवस्थापन सहित राजस्व प्रकरणों एवं राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा की एवं निर्देश दिए की भू अर्जन के सभी प्रकरण ऑनलाइन रहे कोई भी प्रकरण ऑफलाइन ना रहे। यदि कोई प्रकरण ऑफलाइन है तो उसे आरसीएमएस पोर्टल में अपलोड कर प्रकरण ऑनलाइन किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि कोई भी प्रकरण ऑफलाइन ना रहे। श्री तिवारी ने वन व्यवस्थापन के प्रकरणो में तेज गति से कार्य करने के निर्देश दिए और कहां की राजस्व संग्रहण में भी कलेक्टर्स विशेष प्रयास कर सत प्रतिशत राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहां की जिलो में बहुतायात में नरवाई जलाने की घटना सामने आ रही है उन्होंने नरवाई जलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहां की नरवाई जलाने वालों पर नियम अनुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाएगा। कमिश्नर श्री तिवारी ने लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने नर्मदापुरम जिले में सीमांकन के 10 प्रकरण जो समय सीमा से बाहर हो चुके हैं उन प्रकरणो के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर पेनाल्टी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन की स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि हरदा में इस सप्ताह 186, नर्मदापुरम में 444 एवं बैतूल में 576 नल कनेक्शन किए गए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की हरदा जिले को 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत हर घर नल कनेक्शन पूर्ण करना है। कमिश्नर ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की एवं निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में आम जनों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियां पुख्ता रखने के निर्देश दिए और कहा कि जहां जहां पेयजल परिवहन की आवश्यकता होगी वहां वहां पेयजल परिवहन सुनिश्चित किया जाए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लक्ष्यों की पूर्ती के लिए अधिक समर्पित प्रयासों की आवश्यकता : कलेक्टर सोनिया मीना

**-राहत संबंधी मामलों में प्रभावितों को शीघ्र लाभ उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें संबंधित अधिकारी**

**-राजस्व मामलों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते राजस्व अधिकारी**



नर्मदापुरम (निप्र)। सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक के दौरान समस्त विभागों के तहत संचालित योजनाएं, अभियानों सहित सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समय सीमा प्रकरण तथा अन्य विभागों कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे सीपीग्राम (CPGRAMS) पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निराकृत करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों को इस दिशा में विशेष सतर्कता बरतनी होगी, क्योंकि वर्तमान में दर्ज शिकायतों की संख्या की तुलना में निराकृत शिकायतों की संख्या कम पाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग प्रमुख अपने विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों का शीघ्रता से परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण शासन की प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को नियमित रूप से सीपीग्राम पोर्टल की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा इसकी अद्यतन स्थिति से जिला कार्यालय को अवगत कराने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन पोर्टल के तहत लंबित शिकायतों के शीघ्र एवं प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम सिवनी मालवा, पिपरिया एवं सोहागपुर को विशेष रूप से 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर फोकस करने के लिए कहा।कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), नर्मदापुरम को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्राप्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा सामाजिक न्याय विभाग को भी निर्देशित किया कि वे सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अपनी रैंकिंग में सुधार लाने के लिए प्रभावी प्रयास करें।जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों को अधिक सतर्कता और योजना बद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक की प्रगति संतोषजनक नहीं है और अभियान के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है।

## उत्साह के साथ मनाया गया गुरुकुल का 114 वां स्थापना दिवस

### गुरुकुल अध्यक्ष की अध्यक्षता में छोड़ी आहुतियां, गूंजे वेदों के स्वर

नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदा तट पर स्थित प्राचीन गुरुकुल का 114 वां स्थापना दिवस वैदिक यज्ञ हवन व गुरुकुल के अध्यक्ष स्वामी ऋतस्पति परिब्राजक और प्रधानाचार्य सत्यसिंधु आर्य ने आशीर्वचन दिया। सुबह के समय यज्ञशाला में हवन से स्थापना दिवस का शुभारंभ हुआ। शाम के समय गुरुकुल में ब्रम्हचारियों ने 114 दीपक लगाकर खुशियां मनाई गई। दोपहर में आचार्यों ने वेद के प्रचार प्रसार पर जोर दिया। ब्रम्हचारियों को गुरुकुल पद्धति से वैदिक शिक्षा का ज्ञान कराने वाली प्रदेश की वैदिक ज्ञानार्जन कराने वाली अग्रणी संस्था गुरुकुल ने अपने 113 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 27 अप्रैल को गुरुकुल का 114 वां स्थापना दिवस सादगी के साथ मनाया गया। 100 सदस्यीय गुरुकुल परिवार द्वारा उमंग और उत्साह के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। यहां पर प्रतिदिन हवन व योग व्यायाम होतें हैं। गुरुकुल में ब्रम्हचारियों को वेद के साथ ही विज्ञान,गणित और कंप्यूटर की शिक्षा दी जाती है।

### 114 दीपकों से जगजगमाया गुरुकुल

स्थापना वर्ष के अवसर पर गुरुकुल परिवार के आचार्य व ब्रम्हचारियों सहित गुरुकुल परिवार के सदस्यों ने गुरुकुल की यज्ञशाला सहित अन्य स्थानों पर 114 दीपमालिका जलाकर गुरुकुल को जगमगा दिया। इस अवसर पर स्वस्ति वाचन के साथ ही वेद मंत्रोंच्चार किया गया।

# बारिश पूर्व नाले नालियों की सफाई अभियान शुरू

### बाजार क्षेत्र के चेम्बर्स को किया साफ निकला कचरा

नर्मदापुरम( निप्र)। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर बाजार क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बारिश पूर्व बड़े नाले नालियों की प्रमुखता से सफाई कराई जा रही है। जिससे कि बारिश में जलभराव की स्थिति न बने। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी और उपनिरीक्षक संजय लुटारे ने बताया कि सोमवर को सफाई कर्मियों द्वारा बाजार क्षेत्र के नाले नालियों ओर चैम्बर्स की साफ सफाई की गई। साथ ही जेसीबी की मदद से चेम्बर्स के ढक्कनों को हटाकर कचरा निकाला गया। बाजार क्षेत्र में ट्रालियों से निकले कचरे में सबसे ज्यादा पालिथिन निकल रही है। नाले नालियों में पालिथिन फंसकर पानी निकासी में अवरोध करती है। हलवाई चौक स्थित नाले की सफाई की गई। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगर के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि अमानक स्तर की पालिथिन का उपयोग नगर हित में बंद कर दें। साथ ही अपने संस्थानों दुकानों और प्रतिष्ठानों पर डस्टबिन रखें। कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें। नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

## जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए समझाइश की गई

नर्मदापुरम( निप्र)। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार अप्रैल-मई 2025 में तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण अधिकांश भागो में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। जिले में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जिला स्तर पर जन समूदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव तथा समझाइश जारी किये गये है। इस संबंध में गत दिवस जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से प्रभाव, लक्षण एवं प्राथमिक उपचार के लिए दिशा निर्देशानुसार सूर्य दाह ताप के कारण शारीरिक ऐठन (Heat Cramp) लक्षण त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द आदि पैरो, पेट की मांसपेसियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफदेह ऐंठन, अत्यधिक पसीना आना इसके लिए प्राथमिक उपचार प्रभावित को बार-बार नहलाए। यदि फफोले निकल आएं हो तो स्टरलाइज/ ड्रेसिंग करें। चिकित्सक का परामर्श ले। प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाए। ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे- धीरे सहलाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उकबाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।

लू (तापघात) के प्रकोप से प्रभाव अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव(Heat E&haustion) ताप-दाह (Heat Stroke) अत्यधिक पसीना आना, होना महसूस कमजोरी शरीर ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना, उल्टी आना, अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी. त्वचा, तेज नब्ज बेहोशी हो सकती है। प्रभावित. व्यक्ति को पसीना नहीं आएगा। इन सभी के लिए प्राथमिक उपचार के लिए प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडा एव गीले कपडे से स्पंजिंग करें। संभव हो तो उन्हें वातानकूलित कमरे में ले जाए। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाए। उनके शरीर पर ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दे तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन स्वीकार

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना अन्तर्गत उद्योग, सेवा एवं खुदरा व्यवसाय अर्थात रिटेल ट्रेड के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये है।

महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र ने बताया कि योजना अंतर्गत उद्योग क्षेत्र के लिए 50 हजार से 50 लाख रूपये तक तथा सेवा अथवा खुदरा व्यवसाय के लिए 50 हजार से 25 लाख तक की परियोजना लागत सीमा निर्धारित की गई है। योजना में 18 से 45 वर्ष और न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है। योजना के तहत 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान त्रैमासिक की दर से 7 वर्ष तक देय होगा। योजना का संचालन ऑनलाईन पोर्टलhttp://samast.mponline.gov.in के माध्यम से किया जा रहा है।

महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र ने बताया कि इच्छुक आवेदक मुख्यमंत्री उद्यम योजना तहत उद्योग के क्षेत्र में अनाज पिसाई, बेसन निर्माण, मसाला उद्योग, अचार निर्माण, पापड़ उद्योग, आलू चिप्स निर्माण, बेकरी उद्योग, मिल्क प्रोडक्ट, फेब्रीकेशन कार्य, फ्लेक्स निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, दोना पत्तल निर्माण, दाल मिल, पी.वी.सी. ग्रेनुअल्स, फर्नीचर निर्माण, फ्लाय ऐश ब्रिक्स तथा बांस शिल्प आदि के लिये आवेदन कर सकते है। इसी प्रकार सेवा ईकाई क्षेत्र में कम्प्यूटर सर्विस सेंटर, मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर, ब्यूटी पार्लर, टेंट हाउस, सेंटरिंग कार्य, रेस्टॉरेन्ट, चिकित्सा सेवा, वाहन मरम्मत व सर्विस सेंटर, बुक वाइंडिंग तथा कमर्शियल उपयोग के लिये वाहन क्रय आदि के लिये भी आवेदन कर सकते है। इसके अतिरिक्त खुदरा व्यवसाय क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स, मोबाईल शॉप, साइकिल स्टोर्स, खाद बीज दुकान, भवन निर्माण सामग्री व्यवसाय, किराना स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, बुक स्टोर्स, कंगन व्यवसाय, नकली आभूषण व्यवसाय, वस्त्र व्यवसाय, रेडिमेट गारमेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक शॉन, फर्नीचर आदि के लिये भी आवेदन किया जा सकता है।

## ई-केवायसी 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से करायें

### "मेरा ई-केवायसी ऐप" से पात्र हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी

नर्मदापुरम (निप्र)। राशन लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। ई-केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कही और कहा कि हितग्राही 30 अप्रैल तक ई-केवायसी जरूर करायें।

राशन लेने वाले सभी लाभार्थियों की सुविधा के लिए मेरा ई-केवायसी नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी लाभार्थी, चाहे वह वृद्ध, दिव्यांग या सामान्य व्यक्ति हो, घर बैठे अपनी और अपने परिजनों की ई-केवायसी कर सकता है। इसके लिए लाभार्थियों को अपने आधार नंबर और ओटीपी की आवश्यकता होगी। सभी राशन लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी और अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी पूरी करवा लें।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बाबरी घाट पर श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश




नर्मदापुरम (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आज सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत पावन मां नर्मदा तट बाबरी घाट पर श्रमदान का आयोजन किया गया। गत दिवस सत्तू अमावस्या के अवसर पर घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा एकत्रित किए गए कचरे को हटाने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। श्रमदान के दौरान मां नर्मदा के आंचल से लगे विस्तृत क्षेत्र को साफ किया गया और लगभग तीन क्विंटल कचरा घाट से एकत्र कर हटाया गया।

कार्यक्रम के दौरान घाट पर स्नान करने आए श्रद्धालुओं और अन्य नागरिकों को साफ-सफाई बनाए रखने और जल स्रोतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

श्रमदान उपरांत श्रम सीकर के माध्यम से श्रम के महत्व पर चर्चा करते हुए सभी उपस्थित जनों ने जल संरक्षण और घाटों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए सतत प्रयास करने का संकल्प लिया। इस श्रमदान कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के सीएमसीएलडीपी योजना के तहत सेक्टर 1 के परामर्शदाता ईश्वर विश्नोई, सेक्टर 5 के परामर्शदाता सेवनदास लौवंशी, एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी देवेंद्र यदुवंशी, अक्षय दामड़े, काजल रघुवंशी, गौरव तंवर, राजेश जाट सहित रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, गाजनपुर के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com